वर्ष : 34 | अंक : 355 | मुंबई, बुधवार, 4 मार्च 2026 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित


# DBD
# दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## पलटवार: सऊदी अरब में अमेरिकी दूतावास पर हमला

ईरान ने मंगलवार को ड्रोन से सऊदी अरब स्थित अमेरिकी दूतावास को निशाना बनाकर हमला किया। रियाध में दो ड्रोन से हुए हमले में दूतावास को थोड़ा नुकसान हुआ है। आग लगने से थोड़ा नुकसान हुआ है। ईरान आक्रामक तरीके से खाड़ी देशों में स्थित अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना रहा। ईरान ने यूएई स्थित अमेरिका के दो अमेजन डाटा सेंटर को निशाना बनाकर हमला किया। ईरान ने कतर और सऊदी अरब में कई ऊर्जा संयंत्रों के साथ पोत को निशाना बनाया है जिससे तेल और गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है। तनातनी के बीच तीन भारतीय मारे गए भारत के जहाजरानी महानिदेशालय ने मंगलवार को बयान जारी कर बताया कि परसिया की खाड़ी, स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज, ओमान की खाड़ी और अन्य तटीय क्षेत्रों में हुए हमले में पोत पर सवार तीन भारतीयों की मौत की सूचना है। महानिदेशालय ने बताया कि जंग के बीच फंसे भारतीय नाविकों और दूसरे कर्मियों को सुरक्षित वापस निकालने के लिए सभी प्रयास किया जा रहे हैं। इसके लिए एक विवक रिस्पॉन्स टीम भी बनी है जिसमें तीन वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। टीम संबंधित देशों की टीमों से संपर्क में है।

## क्या है स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज?

स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज परसिया और ओमान की खाड़ी के बीच एक जलमार्ग है। दुनिया भर में इसी रास्ते से ईंधन की आपूर्ति होती है। रोजाना इस रास्ते से 1.98 करोड़ बैरल तेल की आपूर्ति होती है। तनातनी के चलते दोनों छोर पर 700 से अधिक तेल टैंकर फंसे हैं। इस मार्ग से गुजरने वाले कुल कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का 69% हिस्सा मुख्य रूप से चीन, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे प्रमुख एशियाई देशों को जाता है। चीन मौजूदा समय में ईरानी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 50% (करीब 26 लाख बैरल प्रतिदिन) कच्चा तेल इसी जलमार्ग के जरिए आयात करता है। मार्ग बंद होने से भारत में तेल की कीमतें और माल ढुलाई की लागत तेजी से बढ़ेगी, जिससे महंगाई और आयात बिल में भारी उछाल आएगा।

## अमेरिका-ईरान तनाव




# निशाने पर स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज

एजेंसी । वाशिंगटन/तेहरान/तेल अवीव

**अमेरिका- इजरायल और ईरान के बीच चल रही जंग के चौथे दिन मंगलवार को ड्रोन और मिसाइल हमले से मध्यपूर्व दहल उठा। ईरान द्वारा अमेरिकी बेस को निशाना बनाकर खाड़ी देशों पर किए जा रहे हमले में तीन भारतीय मारे गए हैं। अमेरिका ने ईरान के अहम ठिकानों को निशाना बनाया। ईरान ने मंगलवार को चेतावनी देते हुए कहा है कि परसिया और ओमान की खाड़ी के बीच का जलमार्ग स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से अगर कोई पोत गुजरेगा तो वो जलकर खाक हो जाएगा। अमेरिका- इजरायल से जंग के दौरान ईरान ने स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में कई पोत को निशाना बनाकर कड़ी चेतावनी दी है। ईरान के पैरामिलिट्री रिवॉल्यूशनरी गार्ड के ब्रिगेडियर जनरल इब्राहिम जब्बारी ने स्पष्ट कहा है कि 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' बंद हो गया है। अगर कोई भी पोत इस रास्ते से गुजरता है तो ईरान उसे आग के हवाले कर देगा। इस क्षेत्र में कोई भी आने की कोशिश नहीं करें।**

- हॉर्मुज बंद, पूरी दुनिया बुरी तरह प्रभावित
- स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से गुजरने वाला पोत बनेगा आग का गोला : ईरान
- जंग के चौथे दिन ड्रोन और मिसाइल हमले से मध्यपूर्व दहला
- अमेरिका ने ईरान के अहम ठिकानों को निशाना बनाया
- खाड़ी देशों पर किए जा रहे हमले में तीन भारतीय मारे गए

### प्रहार: हवाई हमले में 13 ईरानी सैनिक ढेर

ईरान के दक्षिणपूर्ण स्थित एयरबेस पर अमेरिका और इजरायल के हवाई हमले में 13 ईरानी सैनिकों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ये हमला तेहरान से करीब 800 किलोमीटर दूर स्थित करमन में हुआ। करमन बेस सैन्य हेलीकॉप्टरों का बड़ा ठिकाना माना जाता है। ईरान की रेड क्रीसेंट सोसाइटी ने बताया कि अमेरिका और इजरायल के हवाई हमले में चार दिनों में करीब 787 लोगों की मौत हो गई है। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि हमले में एक हजार से अधिक लोग घायल हैं।

### कार्रवाई : आईआरजीसी का कमांड सेंटर हमले में धवस्त

अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने मंगलवार को बताया कि ईरान के खिलाफ की गई कड़ी कार्रवाई में इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के कमांड को धवस्त कर दिया गया है। सेना ने एक्स पर पोस्ट में बताया कि अमेरिका ने ईरान के कमांड- कंट्रोल फैसिलिटी, वायु रक्षा प्रणाली, मिसाइल और ड्रोन लॉन्च करने वाले केंद्रों और एयरफिल्ड को निशाना बनाकर हमला किया गया। ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को निशाना बनाकर कई लड़ाकू विमानों और बी-1 बॉम्बर विमानों से हमला किया गया।

### दावा : ईरान ने बहरीन में अमेरिकी बेस तबाह किया

आईआरजीसी के कमांड पर हमले के बाद ईरान ने बहरीन स्थित शेख इसा बेस को निशाना बनाकर 20 ड्रोन और तीन मिसाइलों से हमला किया। ईरान ने दावा किया है कि उसकी कार्रवाई में अमेरिकी बेस को भारी नुकसान हुआ है। ईरान ने दावा किया है कि उसकी इस कार्रवाई से एक फ्यूल टैंकर भी धू-धूकर जल गया। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सईद इरवानी ने बताया कि ईरान पूरी ताकत से अपनी रक्षा करने को प्रतिबद्ध है। ईरान हर कार्रवाई का कड़ा जवाब दे रहा। अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

### फैसला : 12 खाड़ी देश छोड़ें अमेरिकी नागरिक

अमेरिका ने जंग के बीच 12 खाड़ी देशों से गैर- आपातकालीन अमेरिकी कर्मियों और उनके परिवारों को वापस लौटने को कहा है। यूएई, बहरीन, इराक, जॉर्डन, कुवैत और कतर से लोगों को सुरक्षित स्थान पर लौटने को कहा है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो की सचिव मोरा नामदार ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि अमेरिकी नागरिक जैसे हो वे इजरायल समेत सभी देशों से सुरक्षित निकलें। उन्होंने मिस्र, लेबनान, वेस्ट बैंक, गाजा, सीरिया, यमन में रह रहे अमेरिकी लोगों से भी सुरक्षा कारणों से वापस अपने देश लौटने को कहा है।

### स्वीकारा: नतांज परमाणु केंद्र पर हमले से मामूली क्षति

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने ईरान के नतांज परमाणु संवर्धन केंद्र पर हमले की बात को स्वीकार किया है। आईएईए ने कहा है कि हमले में संयंत्र को कोई भारी नुकसान नहीं हुआ है और विकिरण जैसी कोई स्थिति नहीं है। एजेंसी ने कहा कि अमेरिका और इजरायल के हमले में परमाणु केंद्र के मुख्य द्वार को क्षति हुई है। जमीन के नीचे स्थित परमाणु केंद्र को कुछ भी नहीं हुआ है। मालूम हो कि ईरान ने सोमवार को हमले में परमाणु केंद्र को भारी नुकसान होने का दावा किया था।

# महाराष्ट्र में थम सकते हैं ट्रकों के पहिये

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

ई-चालान के खिलाफ ट्रांसपोर्टरों ने गुरुवार 5 मार्च से राज्यव्यापी हड़ताल का एलान किया है। इस निर्णय से राज्य सरकार की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि हड़ताल से माल परिवहन और आवश्यक सेवाओं पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने ट्रांसपोर्टरों से अपील की है कि वे अपना हड़ताल का फैसला वापस लें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बातचीत के जरिए उनकी मांगों पर सकारात्मक विचार किया जाएगा और उचित समाधान निकाला जाएगा।

- ई-चालान की 'लूट' के खिलाफ ट्रांसपोर्टर लामबंद
- 5 मार्च से राज्यव्यापी हड़ताल का एलान



### गलत तरीके से ई-चालान काटने का आरोप

ट्रांसपोर्टरों का आरोप है कि राज्य के कई हिस्सों में परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस ड्राइवरों को परेशान कर रही है। उनका कहना है कि गलत तरीके से ई-चालान काटकर ड्राइवरों और वाहन मालिकों से जुर्माना वसूला जा रहा है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### 5 मार्च को संयुक्त बैठक का आयोजन

मंत्री सरनाईक ने बताया कि ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं के समाधान के लिए 5 मार्च को परिवहन आयुक्त, पुलिस विभाग और ट्रांसपोर्टरों के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में गलत तरीके से काटे गए ई-चालानों को रद्द करने सहित अन्य मांगों पर चर्चा की जाएगी।

### पार्किंग में खड़ी गाड़ियों पर भी चालान का मुद्दा

ट्रांसपोर्टर संगठनों के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि कई स्थानों पर पार्किंग में खड़ी गाड़ियों पर भी ई-चालान जारी किए जा रहे हैं। साथ ही कुछ कर्मचारी बिना अधिकार के अधिकृत अधिकारियों की जगह चालान काट रहे हैं, जिससे विवाद और बढ़ गया है।

### अधिकृत अधिकारियों को ही चालान काटने के निर्देश

परिवहन मंत्री ने स्पष्ट किया कि संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि अब से केवल अधिकृत अधिकारी ही ई-चालान की कार्रवाई करेंगे। उन्होंने एक बार फिर ट्रांसपोर्टरों से हड़ताल वापस लेने की अपील करते हुए कहा कि सरकार उनकी समस्याओं का समाधान निकालने के लिए गंभीर है।

### सरकार का रेस्क्यू मिशन

# फुजैरा एयरपोर्ट से दो विशेष उड़ानों से 164 लोग लौटे मुंबई

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



ईरान-इजरायल-अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के कारण मध्य पूर्व का हवाई क्षेत्र बंद हो गया है, जिससे दुबई सहित यूएई में महाराष्ट्र के कई नागरिक फंस गए थे। इस संकट की स्थिति में एकनाथ शिंदे ने तुरंत पहल करते हुए फंसे नागरिकों से सीधे संपर्क किया और उनकी सुरक्षित वापसी के लिए विशेष विमानों की व्यवस्था कराई।

### दो विशेष उड़ानों से राहत

इन प्रयासों के तहत स्टार एयर की दो विशेष उड़ाने मंगलवार (3 मार्च) को फुजैरा एयरपोर्ट से रवाना हुई। पहली उड़ान VT-GSO शाम 3:30 बजे और दूसरी VT-GSH शाम 4:30 बजे टेकऑफ हुई। इन दोनों विमानों से कुल 164 यात्री मुंबई के लिए रवाना किए गए।

### कौन-कौन लौटे स्वदेश ?

इन विशेष विमानों से आने वाले यात्रियों में पुणे के इंदिरा स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज के 84 छात्र शामिल हैं। इसके अलावा ठाणे, मुरबाड, अहिल्यानगर और अन्य जिलों के नागरिक भी सुरक्षित वापसी किए। ये सभी यात्री शाम 5:30 बजे से 7:00 बजे के बीच मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचे।

### ब्रीफ न्यूज़

#### त्रंबकेश्वर मंदिर में सुरक्षा गार्ड ने महिला भक्त को पीटा

**नासिक।** महाराष्ट्र में त्रंबकेश्वर मंदिर में रविवार को सुरक्षा गार्डों ने मानवता की सारी हदें को पार करते हुए एक महिला श्रद्धालु को इतनी बुरी तरह पीटा कि उसके कपड़े फट गए। इस चौंकाने वाली घटना को दूसरे भक्त ने अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। इसके बाद लोगों में गुस्सा फैल गया और सुरक्षा गार्डों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

#### मनरेगा के तहत महाराष्ट्र को मिलेगा 1168 करोड़

**मुंबई।** होली के पर्व पर केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र के श्रमिकों को तोहफा दिया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत राज्य को 1168 करोड़ रुपए का अनुदान दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की चौथी किस्त के रूप में इस अनुदान को मंजूरी दी है। यह जानकारी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राशि श्रमिकों के हित में स्वीकृत की गई है। इससे राज्य के ग्रामीण विकास और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। आदिवासी, अनुसूचित जाति और अन्य श्रमिक वर्ग को सीधा लाभ मिलेगा। याद दिला दें कि कई महीनों से अकुशल मजदूरों की लगभग 67 करोड़ रुपए की मजदूरी बकाया थी।

## कांग्रेस ने असम के लिए 42 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की



**चायगांव।** कांग्रेस ने असम विधानसभा चुनाव के लिए अपने 42 उम्मीदवारों की पहली सूची मंगलवार को जारी की। इसमें पार्टी ने अपने प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई को जोरहाट सीट से मैदान में उतारा है। चुनावों की घोषणा से पहले ही अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करने में आगे रहते हुए, विपक्षी पार्टी ने कहा कि असम में कांग्रेस विधायक दल के नेता देबब्रत सैकिया नाजिरा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रिपुन बोरा को बरचल्ला क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी उम्मीदवारों की लिस्ट के अनुसार, अब्दुस सोभान अली सरकार को गौरीपुर से, मार्कलाइन मारक को गोलपारा पश्चिम, गिरीश बरुआ को बोंगाईगांव से और महानंदा सरकार को बारपेटा से मैदान में उतारा गया है। रामेन सिंह राभा बोको-चायगांव सीट से पार्टी के उम्मीदवार होंगे।

# साइबर अपराध में महाराष्ट्र, यूपी और राजस्थान सबसे आगे

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान उन 10 राज्यों में शामिल हैं, जहां साइबर अपराधी तथाकथित 'म्यूल अकाउंट' के जरिए अवैध धन निकालने और उसे सफेद करने में सक्रिय हैं। अन्य हॉटस्पॉट के रूप में हरियाणा, दिल्ली, दादरा और नगर हवेली और दमन एवं दीव, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, बिहार और तमिलनाडु की पहचान की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत




कार्यरत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने इन क्षेत्रों को साइबर धोखाधड़ी से जुड़े फर्जी खातों के प्रमुख केंद्र बताया है। जांच में सामने आया है कि साइबर धोखाधड़ी के नेटवर्क भोले-भाले लोगों के साथ-साथ इच्छुक सहयोगियों का भी इस्तेमाल कर रहे हैं।

#### कुछ जिलों में स्थिति ज्यादा गंभीर

विशेष शाखा द्वारा एकत्र किए गए डाटा से पता चलता है कि कुछ जिलों में समस्या बेहद गंभीर है। झारखंड के जामताड़ा जिले में वर्ष 2025 के दौरान 350 से अधिक म्यूल खातों का पता चला, जबकि हरियाणा के नूंह जिले में इसी अवधि में 1,000 से ज्यादा म्यूल खाते सामने आए।

# 'साइलेंट किलर' ने पसारे पैर

### 38% लोग निकले हाई बीपी के मरीज

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



राज्य स्तर पर चलाए गए व्यापक स्वास्थ्य अभियान के दौरान उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) की जांच कराए गए लोगों में से 38 प्रतिशत से अधिक इस बीमारी से ग्रस्त पाए गए हैं। कुल 25,82,992 लोगों की स्क्रीनिंग में 10,05,704 व्यक्तियों को तत्काल उपचार की आवश्यकता पड़ी, जिन्हें तुरंत दवाएं शुरू कराई गईं। यह आंकड़े राज्य में बढ़ती जीवनशैली संबंधी बीमारियों की ओर गंभीर संकेत करते हैं।

### मिशन मोड में स्क्रीनिंग अभियान

राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग विशेष स्क्रीनिंग अभियान 1 से 28 फरवरी 2026 तक मिशन मोड में चलाया गया। यह अभियान सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री प्रकाश आबिटकर और राज्यमंत्री मेघना साकोरे बोर्डीकर के मार्गदर्शन में संचालित हुआ। अधिकारियों के अनुसार, केंद्र व राज्य सरकार की गाइडलाइंस के तहत कार्यक्रमों को 31 मार्च 2026 तक लक्ष्य पूरा करने के लिए युद्धस्तर पर लागू किया जा रहा है और अब तक की प्रगति उत्साहजनक रही है।

### डायबिटीज और कैंसर जांच पर भी जोर

अभियान के दौरान मधुमेह (डायबिटीज) की जांच में 12,52,434 लोगों को शामिल किया गया, जिनमें से 2,88,082 व्यक्ति रोगी पाए गए और उन्हें उपचार पर रखा गया। इसके अलावा मुख, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की भी बड़े पैमाने पर स्क्रीनिंग की गई, जिसमें संदिग्ध मरीजों को आगे की जांच और इलाज के लिए रेफर किया गया। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की समय पर पहचान और इलाज से हृदय रोग, किडनी फेल्योर और दृष्टि हानि जैसी जटिलताओं को रोका जा सकता है।

# 300 स्वदेशी धनुष होवित्जर तोप खरीदेगी भारतीय सेना

एजेंसी । नई दिल्ली

अपनी सैन्य तैयारियों को और मजबूत करने के लिए भारतीय सेना जल्द ही 300 धनुष होवित्जर तोपों की खरीद का ऑर्डर देने जा रही है। इन तोपों से सेना में 15 नई आर्टिलरी रेजिमेंट गठित की जाएंगी। रक्षा अधिकारियों के मुताबिक, यह धनुष तोपों का दूसरा बड़ा ऑर्डर होगा और इसे शीघ्र ही मंजूरी मिलने की संभावना है। इस प्रस्ताव पर रक्षा मंत्रालय की उच्चस्तरीय बैठक में अंतिम फैसला लिया जा सकता है।



### पहले ही शामिल हो चुकी हैं कई रेजिमेंट

इससे पहले सेना 114 धनुष तोपों का ऑर्डर दे चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि धनुष तोपों की लगभग चार रेजिमेंट पहले ही सेना में शामिल हो चुकी हैं, जबकि दो और रेजिमेंट जल्द ही परिचालन में लाई जाएंगी। नई खेप के शामिल होने से तोपखाने की क्षमता में बड़ा इजाफा होगा और सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनाती को मजबूती मिलेगी।

### बोफोर्स तकनीक पर आधारित स्वदेशी डिजाइन

धनुष तोप का डिजाइन 1980 के दशक में खरीदी गई बोफोर्स होवित्जर तकनीक पर आधारित है, जिसका निर्माण सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा किया जा रहा है। यह 155 मिमी, 45-कैलिबर की तोप है, जो बाय-मॉड्यूलर चार्ज सिस्टम से लैस है और इसकी मारक क्षमता काफी अधिक है। इस तोप ने जून 2018 में पोखरण में सफल परीक्षण पूरा किया था, जिसके बाद इसे सेना में शामिल किया गया।

## अजित पवार के विमान के पेड़ों से टकराने की घटना क्या किसी ने नहीं देखी: भुजबल



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने मंगलवार को विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट पर सवाल उठाया, जिसमें कहा गया है कि अजित पवार को ले जा रहा विमान बारामती में दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले कुछ पेड़ों से टकराया था। भुजबल ने सवाल किया कि विमान के पेड़ों से टकराते हुए किसी ने क्यों नहीं देखा? महाराष्ट्र के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री और राकांपा अध्यक्ष अजित पवार सहित पांच लोगों की 28 जनवरी को बारामती में एक विमान दुर्घटना में मौत हो गई थी।

# बोईसर एमआईडीसी में जहरीली गैस रिसाव

## • ओलियम गैस लीक, 2600 लोगों को सुरक्षित निकाला गया

**डीबीडी संवाददाता | पालघर**

पालघर जिले के बोईसर एमआईडीसी क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक रासायनिक कंपनी से जहरीली ओलियम (फ्यूमिंग सल्फ्यूरिक एसिड) गैस का रिसाव होने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गैस के प्रभाव से आसपास मौजूद लोगों की आंखों में जलन शुरू हो गई, जिसके बाद तारापुर विद्यामंदिर के 1600 स्कूली छात्रों और भागेरिया इंडस्ट्रीज व आसपास की इकाइयों के 1000 से अधिक श्रमिकों समेत करीब 2600 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।



घटना की जानकारी मिलते ही आपदा प्रबंधन विभाग तुरंत सक्रिय हो गया। पालघर की जिलाधिकारी डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने बताया कि जिला आपदा प्रबंधन योजना लागू कर दी गई है। प्रशासन के अनुसार यह रिसाव 2,500 लीटर क्षमता वाले ओलियम डे-टैंक से हुआ, जिससे हवा की दिशा में जहरीला धुआं आसपास के इलाकों में फैल गया।

### पांच किलोमीटर तक फैला असर

दोपहर करीब दो बजे हुए इस रिसाव से सफेद धुएं का घना बादल बन गया, जो तेजी से औद्योगिक और रिहायशी इलाकों की ओर फैल गया। हवा के कारण लगभग पांच किलोमीटर के दायरे में इसका असर महसूस किया गया, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया और एहतियातन लोगों को बाहर निकालना पड़ा।

### बचाव कार्य में आईं चुनौतियां

घटना के बाद एनडीआरएफ, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) और अग्निशमन दल की टीमें मौके पर पहुंचीं। हालांकि, धुएं की अधिक मात्रा के कारण राहत और बचाव दल को रिसाव के सटीक स्थान तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बाद में टैंक के चारों ओर रेत की बोरियां लगाकर गैस को नियंत्रित करने की कोशिश की गई।

### औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ता खतरा

पालघर जिले के बोईसर-तारापुर एमआईडीसी क्षेत्र में बड़ी संख्या में रासायनिक कंपनियां हैं और आसपास रिहायशी इलाकों का भी तेजी से विस्तार हो रहा है। इससे गैस रिसाव, बॉयलर फटने और प्रदूषण की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह इलाका अब 'गैस चैंबर' बनता जा रहा है, जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता खड़ी हो गई है।

### प्रशासन की अपील, घबराने की जरूरत नहीं

जिला पुलिस अधीक्षक यतीश देशमुख ने नागरिकों से अपील की कि वे घबराएं नहीं, स्थिति नियंत्रण में है। जिला प्रशासन ने लोगों को घरों के अंदर रहने और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने को कहा है। अधिकारियों के अनुसार, फिलहाल हालात पर नजर रखी जा रही है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में बताई जा रही है।

# पुलिस कर्मियों को बड़ी राहत की तैयारी

**अवकाश नकदीकरण की सीमा को 300 दिन से बढ़ाकर 600 दिन करने का प्रस्ताव**



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई पुलिस के उन कर्मचारियों को जल्द राहत मिल सकती है, जो लगातार बंदोबस्त ड्यूटी और स्टाफ की कमी के कारण अपनी तय छुट्टियां नहीं ले पाते। छुट्टी के बदले मिलने वाली नकद राशि (लीव एनकैशमेंट) की सीमा 300 दिनों से बढ़ाकर 600 दिन करने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इससे सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को 600 दिनों तक की अप्रयुक्त छुट्टियों का भुगतान मिल सकेगा।

वर्तमान व्यवस्था के तहत यदि किसी पुलिसकर्मी के पास रिटायरमेंट के समय 300 दिनों से अधिक की छुट्टियां बची रहती हैं, तो अतिरिक्त छुट्टियां स्वतः समाप्त हो जाती हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। प्रस्तावित संशोधन के बाद 600 दिनों तक की छुट्टियों को नकद में बदला जा सकेगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह प्रस्ताव पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कार्यालय द्वारा तैयार किया जा रहा है और इसे मंजूरी के लिए राज्य सरकार को भेजा जाएगा।

### ड्यूटी के कारण छुट्टियां लेना मुश्किल

पुलिस बल आवश्यक सेवाओं के अंतर्गत आता है। नियमों के अनुसार कर्मियों को सालाना लगभग 90 से 95 दिनों की छुट्टी (चिकित्सा, आकस्मिक और अर्जित अवकाश सहित) मिलती है, लेकिन कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारियों, अपराध जांच, अदालतों में पेशी और स्वीकृत बल की कमी के कारण कई अधिकारी वर्षों तक अपनी छुट्टियां नहीं ले पाते।

### रिटायरमेंट पर होता है आर्थिक नुकसान

30 से 40 वर्षों की सेवा के बाद कई पुलिसकर्मी 300 दिनों से अधिक की छुट्टियों के साथ सेवानिवृत्त होते हैं। वर्तमान नियमों के तहत उन्हें केवल 300 दिनों की छुट्टियों का भुगतान मिलता है, जबकि शेष छुट्टियां समाप्त हो जाती हैं। प्रस्तावित बदलाव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ड्यूटी को प्राथमिकता देने वाले कर्मियों को सेवानिवृत्ति के समय आर्थिक नुकसान न हो।

# ट्रैफिक नियम तोड़ने पर 1681 लोगों पर कार्रवाई

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**



होली और धूलिवंदन के अवसर पर ठाणे सिटी ट्रैफिक ब्रांच ने विशेष अभियान चलाते हुए ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 1681 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस नाकाबंदी में 196 शराबी ड्राइवर पकड़े गए। यह जानकारी ट्रैफिक पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट ने दी। पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डॉ. ज्ञानेश्वर चव्हाण के निर्देश पर ठाणे पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत पांचों जोन में 450 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को नाकाबंदी के लिए तैनात किया गया था।

### नशे में ड्राइविंग पर विशेष कार्रवाई

होली-धूलिवंदन के दौरान शराब या ड्रग्स के नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए। विभिन्न नाकाबंदियों के दौरान टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर चलाने वाले 196 नशेड़ी ड्राइवरों पर कार्रवाई की गई, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सके। कार्रवाई के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 836 लोगों, ट्रिपल सीट टू-व्हीलर चलाने वाले 408 लोगों, ऑटो-रिक्शा में आगे की सीट पर सवारी बैठाने वाले 227 चालकों और उल्टी दिशा में वाहन चलाने वाले 14 चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। पुलिस ने साफ किया कि भविष्य में भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे।


# नाबालिग के साथ अमानवीय व्यवहार

## ▶▶ विरोध करने पर बड़े भाई की पिटाई

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

शहाड़ फाटक परिसर में 13 वर्षीय नाबालिग लड़के के साथ शर्मनाक और अमानवीय व्यवहार का मामला सामने आया है। घर के सामने दोस्तों के साथ खेल रहे बच्चे की कथित तौर पर चड्डी खींचकर उसका वीडियो बनाया गया, जिससे वह मानसिक रूप से आहत हो गया।

उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत के अनुसार, 28 फरवरी की रात रियाज़ अलाउद्दीन शेख (21) अपने साथियों के साथ





आया और बच्चे के साथ यह हरकत की। आरोप है कि उसके एक साथी ने इस पूरी घटना का मोबाइल पर वीडियो भी बनाया। अपमानित होकर बच्चा रोने लगा। पीड़ित के 16 वर्षीय बड़े भाई ने जब आरोपी से इस कृत्य पर सवाल किया, तो उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की गई। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपी ने बच्चों को बचाने आए माता-पिता को धक्का दिया और दोबारा पीटने की धमकी दी।

### पुलिस कार्रवाई और जांच

स्थिति गंभीर होने पर परिवार ने 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी और उसका साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश व आगे की जांच जारी है।

# वेतन संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता को तत्काल लागू करने की मांग

**डीबीडी संवाददाता | पुणे**

पुणे में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष एस. मल्लेशम ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई चार श्रम संहिताओं में से वेतन संहिता और सामाजिक सुरक्षा संहिता का बीएमएस ने स्वागत किया है। उन्होंने इन दोनों संहिताओं को तत्काल और प्रभावी रूप से लागू करने की मांग की। महालक्ष्मी लॉन्स में आयोजित महाराष्ट्र विद्युत संविदा श्रमिक



संघ के छठे त्रिवार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर, सांसद मेधा कुलकर्णी की उपस्थिति में मल्लेशम ने केंद्र सरकार से पूरे देश में एक समान न्यूनतम मजदूरी घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए समान वेतन नीति आवश्यक है।

### पेंशन और ईएसआईसी सीमा बढ़ाने की मांग

उन्होंने बताया कि बीएमएस ने पेंशन फंड में वृद्धि तथा ईएसआईसी योजना की पात्रता सीमा को 21,000 रुपए से बढ़ाकर 42,000 रुपए करने की मांग की है।


## वसई विरार शहर महानगरपालिका

**समिति (H), विभागीय कार्यालय**
**नवघर, माणिकपुर, एस. टी. डेपो के पास, वसई रोड (प),**
**ता. वसई, जि. पालघर – 401 202**
**दूरभाष: 0250-2333428 / 2333424**
**ईमेल: amch.vvmc@gov.com**

### जाहिर नोटीस

महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम, 1949 की धारा 469 के अंतर्गत इस नोटिस के माध्यम से वसई विरार शहर महानगरपालिका क्षेत्र के सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित संपत्ति धारकों द्वारा स्वामित्व हस्तांतरण हेतु लिखित आवेदन तथा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए गए हैं। उक्त फेरफार (हस्तांतरण) प्रकरण के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति/शिकायत हो, तो वे कार्यालय में यह सार्वजनिक नोटिस प्रकाशित होने की तिथि से सात (7) दिनों के भीतर लिखित रूप में अपनी आपत्ति/शिकायत आवश्यक दस्तावेजों सहित दर्ज कराएं। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति/शिकायत प्राप्त न होने पर कार्यालय द्वारा आगे की संपत्ति हस्तांतरण की कार्यवाही की जाएगी।

| अ. क्र. | विभाग | मालमत्ता क्र. | ज्याचे नावे मालमत्ता आहे त्याचे म्हणजेच विकणाऱ्या किंवा करदात्याचे नाव | खरेदीदाराचे किंवा अभिहस्तांकन करदात्याचे नाव |
|---|---|---|---|---|
| १. | चुलणा | VN02/54403 | संजय जगदिशचंद्र भारती व इतर १ | महेश चंद्रकांत व्यास व मृणाल महेश व्यास |
| २. | नवर 5/1 | VN12/30852 | उषा हितेश मजिठिया व इतर २ | अवधराज के चौरसिया व मालती अ चौरसिया |
| ३. | नवर 5/2 | VN12/29896 | सचिन विजय चौहाण व इतर १ | शेख मोहम्मद मुश्ताक व इतर १ |
| ४. | नवर 1/1 | VN03/22535 | गुलाब लक्ष्मण काळे | सिध्दांत संजीव जैन |
| ५. | उमळमान | VN01/53539 | बाळासाहेब दादासाहेब पाटील व इतर १ | सुजाता श्रीराम चव्हाण व श्रीराम सुभाष चव्हाण |
| ६. | चुलणा | VN02/41106 | जॉन मन्या घोसाळ | विजय मायकल रिबेलो |
| ७. | नवर 4/2 | VN11/3504 | बँक ऑफ बरोडा | संजीव कुमार जैन |
| ८. | नवर 4/2 | VN11/43680 | बँक ऑफ बरोडा | संजीव कुमार जैन |
| ९. | उमळमान | VN01/56253 | रईस अहमद शब्बीर अंसारी व इतर १ | दानिश सलाहुद्दीन खान व साजिद खान |
| १०. | ब-हामपुर | VN14/39392 | मेनिनो फर्नांडिस | आयरीन मेनीनो फर्नांडिस |
| ११. | नवर 1/1 | VN03/22718 | शिल्पा राजन घाडगे | उर्मी रितेश बजाज |
| १२. | दिवाणमान 3 | VN24/6065 | ललिताशंकर भाईलोट | मनिषा चंद्रेश देसाई व चंद्रेश रमणिकलाल देसाई |
| १३. | नवर 1/3 | VN05/23741 | मारीया एल परेरा | संतोष कुमार राजचंद्र चौधरी व इतर १ |
| १४. | ब-हामपुर | VN14/56990 | कृष्णामुर्थी एस ई | कानाराम चुन्नीलाल चौधरी व संतोष कुमारी |
| १५. | दिवाणमान 5/2 | VN27/11396 | नारण देवशी नंदानिया | सुलताना साजिद पटेल |
| १६. | नवर 5/2 | VN12/30338 | नीलम महंत सिंह | इस्माईल गफार पटेल व आस्मा इस्माईल पटेल |
| १७. | दिवाणमान 8 | VN31/19375 | समरजीतसिंघ जे संधू व इतर १ | कला सिंह प्रीतम सिंह आनंद |
| १८. | दिवाणमान 8 | VN31/19295 | वर्मा सुमिता राजेंद्र | नंदलाल कैलास पाल व संगीता नंदलाल पाल |
| १९. | माणिकपुर 2/1 | VN19/35058 | लोरीयन व्ही अंचन | प्रतिक्षा उमेश गुरव व उमेश मंगेश गुरव |
| २०. | दिवाणमान 4 | VN25/56331 | नीता भरत चौहान व इतर १ | प्रीति आनंद आवारे व आनंद आबाराव आवारे |

जा. क्र.: व.वि.श.म./क.वि./एच/7954//2025-26
दिनांक: 02/03/2026

सही/-
(जोसेफ मिनेजीस)
कर अधिक्षक
प्रभाग समिती 'एच'
वसई विरार शहर महानगरपालिका


# वडाला पुलिस ने तीसरी गिरफ्तारी की

## ▶▶ ड्राइवर और क्लीनर पहले ही गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

वडाला पुलिस ने 28 वर्षीय कैब चालक मोहम्मद जमीर हसीनुद्दीन की मौत के मामले में शुभम शिपिंग कंपनी में लोडर व क्लीयरेंस वर्कर के रूप में काम करने वाले 52 वर्षीय संतोष सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, संतोष सिंह उस खेप की लोडिंग और क्लीयरेंस का जिम्मेदार था, जो हादसे वाले ट्रेलर में लादी गई थी। 27 फरवरी की तड़के, वडाला (पूर्व) स्थित ईस्टर्न फ्रीवे ब्रिज के नीचे खार गंगा इलाके में एक पलटा हुआ ट्रेलर से 40 टन वजनी ठोस लोहे की प्लेट नीचे गिर गई। यह प्लेट सुजुकी अर्टिगा कार (MH04LQ4010) पर आ गिरी, जिससे चालक जमीर हसीनुद्दीन कार के नीचे दब गए और मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो



गए। इससे पहले ट्रेलर चालक श्रीराम हीरालाल रावत (25) और क्लीनर सागर रावत राजपूत (19), दोनों मध्य प्रदेश के रीवा निवासी, को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### लापरवाही से लदी खेप बनी हादसे की वजह

जांच में सामने आया है कि लोहे की प्लेट को परिवहन से पहले ठीक से सुरक्षित नहीं किया गया था। आरोप है कि ट्रेलर चालक ने वाहन लापरवाही और गलत दिशा में चलाया। शुरुआत में भारतीय न्याय संहिता (BNSS) की धारा 194 के तहत आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया गया था, लेकिन बाद में चालक, क्लीनर और अन्य जिम्मेदार लोगों के खिलाफ लापरवाही से मौत का केस दर्ज किया गया। मामले की आगे की जांच जारी है।

### घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया

पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह खेप चीन से आयात की गई एक सेकेंड हैंड मशीन थी, जिसका उपयोग एल्यूमिनियम खिड़की के सांचे बनाने में होता है। हादसे के समय मशीन को सूरत ले जाया जा रहा था। घटना के बाद पुलिस और अग्निशमन दल ने कई घंटों तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। भारी-भरकम 40 टन की प्लेट को क्रेन की मदद से हटाया गया। जमीर को गंभीर हालत में परेल स्थित केईएम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सुबह 8 .22 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्हें सीने, सिर और पैरों में गंभीर चोटें आई थीं।


# मरने के बाद भी संवैधानिक अधिकार

## अज्ञात मानकर दफनाया गया था शव

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

एक अहम फैसले में बॉम्बे हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मृत्यु के बाद भी व्यक्ति का गरिमा का संवैधानिक अधिकार बना रहता है। कोर्ट ने हिंदू श्मशान घाट में गलती से दफनाए गए एक मुस्लिम व्यक्ति के शव को कब्र से निकालने का आदेश दिया और कहा कि धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार अंतिम संस्कार कराना परिवार का अधिकार है।

इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट की नागपुर बेंच के न्यायमूर्ति अनिल किलोर और राज वाकोडे की खंडपीठ ने की। याचिका मृतक के भाई जावेद खान ने दायर की थी। कोर्ट ने नागपुर ग्रामीण के तहसीलदार और उप-विभागीय अधिकारी के उन आदेशों को रद्द कर



दिया, जिनमें शव निकालने की अनुमति देने से इनकार किया गया था। अदालत ने निर्देश दिया कि नागपुर नगर निगम की देखरेख में घाट रोड स्थित मोक्षधाम घाट से साजिद खान का शव निकाला जाए और याचिकाकर्ता को सौंपा जाए। इसके बाद मृतक का अंतिम संस्कार इस्लामी रीति-रिवाजों के अनुसार किया जाएगा।

### संविधान और सुप्रीम कोर्ट का हवाला

हाई कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गरिमा का अधिकार मृत्यु के बाद भी लागू रहता है। साथ ही अनुच्छेद 25 धर्म की स्वतंत्रता और धार्मिक अनुष्ठान करने के अधिकार की गारंटी देता है। कोर्ट ने माना कि परिवार को शव की अभिरक्षा से वंचित करना अनुच्छेद 14, 21 और 25 का उल्लंघन होगा और पुलिस को शव निकालकर मृतक के भाई को सौंपने का निर्देश दिया।

### मामला सामने कैसे आया?

मालेगांव निवासी साजिद खान 25 जनवरी को ताजुद्दीन बाबा के उर्स में शामिल होने के लिए दो दोस्तों के साथ नागपुर गए थे। 26 जनवरी को वे लापता हो गए और बाद में बुटीबोरी के पास ट्रेन दुर्घटना में उनकी मौत हो गई। पहचान न हो पाने के कारण पुलिस ने शव को अज्ञात मानकर मोक्षधाम घाट में दफना दिया। पुलिस से पूछताछ के बाद तस्वीरों के माध्यम से शव की पहचान की गई। इसके बाद परिवार ने शव निकालने की अनुमति मांगी ताकि मुस्लिम रीति-रिवाजों से कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार किया जा सके। हालांकि स्थानीय अधिकारियों ने आवेदन खारिज कर दिया और अदालत से आदेश लाने को कहा।

# मायानगरी मुंबई में मनाया गया रंगोत्सव, आम से खास पर चढ़ा होली का रंग

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मायानगरी मुंबई में होली का त्योहार पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया, जहां सड़कों, गलियों और सोसायटियों में रंगों की बौछार नजर आई। आम लोगों से लेकर फिल्मी सितारों और सामाजिक संगठनों तक सभी ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देते हुए रंगोत्सव में हिस्सा लिया। शहर के कई इलाकों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पारंपरिक होली मिलन समारोहों का आयोजन हुआ, वहीं बच्चों और युवाओं ने गुलाल और पिचकारियों के साथ जमकर होली खेली। पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए, जिससे पर्व शांतिपूर्ण और खुशहाल माहौल में संपन्न हुआ।



सीएम फडणवीस की तस्वीर में उनकी पत्नी अमृता और बेटी को होली के रंग में सराबोर देखा गया।



होली के रंगों से रंगे चेहरों और मुस्कुराहटों के साथ गलियों में घूमते हुए।



होली के दौरान चौपाटी में रंगों और मुस्कानों से सब लोग एक हो गए। एक युवा मुंबईकर विदेशी पर्यटकों के साथ पोज दे रहा है।

समुद्र तट पर युवाओं ने रंगों के साथ मिट्टी में खेलकर अनोखे अंदाज़ में रंगोत्सव मनाया





मलाड (पश्चिम) स्थित इनऑर्बिट मॉल में होली स्प्लैश सीजन 7 का आयोजन

# विज्ञापनों से एसटी बढ़ाएगी अपना राजस्व

**610 बस स्टैंड और 12 हजार बसों से 250 करोड़ रुपये से अधिक आय जुटाने का प्लान तैयार**



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

राजस्व घाटे से जूझ रहे एसटी महामंडल की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए राज्य सरकार ने नई रणनीति तैयार की है। अब बसों और बस स्टैंडों पर विज्ञापनों के जरिए एसटी का राजस्व बढ़ाया जाएगा। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने बताया कि आगामी पांच वर्षों में इस योजना से 250 करोड़ रुपये से अधिक की अतिरिक्त आय जुटाने का लक्ष्य रखा गया है।

## टिकट के अलावा अन्य स्रोतों से कमाई पर जोर

मंत्री सरनाईक ने कहा कि यदि टिकट बिक्री के अलावा अन्य स्रोतों से भी आय बढ़ाई जाती है, तो भविष्य में एसटी महामंडल को घाटे का सामना नहीं करना पड़ेगा। विज्ञापन आधारित यह मॉडल एसटी की आर्थिक स्थिरता की दिशा में अहम कदम साबित होगा। उन्होंने बताया कि पूरे राज्य में एसटी महामंडल के 251 बस डिपो और 610 से अधिक छोटे-बड़े बस स्टैंड हैं। रोजाना लगभग 12 हजार बसों से 50 से 55 लाख यात्री सफर करते हैं।

## 310वीं बोर्ड बैठक में हुआ फैसला

यह जानकारी एसटी महामंडल मुख्यालय में हुई 310वीं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में दी गई। बैठक में परिवहन आयुक्त राजेश नार्वेकर सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मंत्री सरनाईक ने कहा कि ग्रामीण अंचलों की जीवनरेखा मानी जाने वाली एसटी बसों की कमाई का नया चक्र शुरू होगा।

## बस स्टैंड और बसों पर होंगे विज्ञापन

योजना के तहत बस स्टैंड, उनके आसपास के परिसर, बसों के अंदर और बाहर उपलब्ध सभी स्थानों का उपयोग विज्ञापन के लिए किया जाएगा। इसके लिए एक प्रभावी प्रक्रिया लागू की गई है। अगले पांच वर्षों के लिए 250 करोड़ रुपये से अधिक की आय की पेशकश करने वाली बोली को स्वीकार कर लिया गया है।

## नए लाइसेंसधारकों को मिलेगा अधिकार

वर्तमान विज्ञापन लाइसेंसधारकों की अवधि पूरी होने के बाद नए लाइसेंसधारकों को विज्ञापन के अधिकार सौंपे जाएंगे। अभी एसटी को विज्ञापनों से सालाना करीब 22 करोड़ रुपये की आय होती है, जबकि नए टेंडर के बाद यह आय दोगुनी से भी अधिक होने की संभावना जताई गई है।

# महापौर ने खेली फूलों की होली



धीरज सिंह | मुंबई

चंद्र ग्रहण के कारण मंगलवार को होली और धूलिवंदन को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बनी रही। होलिका दहन के बाद कुछ लोगों ने मंगलवार को ही रंग खेला, जबकि कई परिवार बुधवार को होली मनाने की तैयारी करते नजर आए। इसी बीच मुंबई की महापौर रितु तावड़े ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए फूलों की होली खेली। घाटकोपर (पूर्व) के राजावाड़ी उद्यान में 'फूलों की होली' कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर विधायक पराग शाह भी मौजूद रहे।

## पर्यावरण संरक्षण का संदेश

महापौर रितु तावड़े ने कहा कि त्योहार केवल उत्सव का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का अवसर भी हैं। उन्होंने अपील की कि होलिका दहन के लिए हरे-भरे पेड़ों की कटाई न की जाए और सूखी लकड़ियों का उपयोग किया जाए। प्लास्टिक, रबर, टायर या रसायनयुक्त वस्तुओं को जलाने से बचने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के बाद उपयोग किए गए फूलों को एकत्र कर जैविक खाद बनाने की प्रक्रिया भी शुरू की गई।

# युद्ध के साये से सुरक्षित लौटे यात्री

## मुंबई पहुंचकर ली राहत की सांस

**मुंबई।** मिडिल ईस्ट में ईरान-इजरायल युद्ध से उपजे तनाव और एयरस्पेस पर लगी पाबंदियों के बीच दुबई और अबू धाबी से लौट रहे यात्रियों ने मंगलवार को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राहत की सांस ली। यात्रियों के चेहरों पर अपनों से मिलने की खुशी और बीते दिनों के डरावने अनुभव साफ झलक रहे थे।

यात्रियों ने बताया कि सीधी उड़ानों पर रोक के चलते उन्हें यात्रा के रास्ते बदलने पड़े। कई लोग ओमान के मस्कट होते हुए भारत पहुंचे। दुबई से लौटे एक व्यवसायी ने कहा कि एयरस्पेस बंद होने के कारण मस्कट के रास्ते करीब 12 घंटे का लंबा



इंतजार करना पड़ा, लेकिन फिलहाल भारत लौटने का यही सुरक्षित विकल्प था।

यात्रियों के अनुसार, दुबई और अबू धाबी में जनजीवन सामान्य नजर आ रहा था, लेकिन कभी भी हालात बिगड़ने की आशंका ने लोगों में भय पैदा कर दिया था।

# गोवंडी और कुर्ला में एटीएस की छापेमारी

**चार संदिग्ध हिरासत में, पाकिस्तान और आईएसआईएस कनेक्शन की जांच**



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) ने मुंबई के पूर्वी उपनगरों में बड़ी कार्रवाई करते हुए गोवंडी और कुर्ला इलाके के चार संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की। सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात चलाए गए इस गुप्त ऑपरेशन में पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से कथित संबंध रखने के आरोप में चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ये संदिग्ध न केवल सीमा पार बैठे आकाओं के संपर्क में थे, बल्कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने और युवाओं की भर्ती की कोशिशों में भी जुटे थे। खुफिया एजेंसियों को इनके ऑनलाइन नेटवर्क की गतिविधियों की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर कार्रवाई की गई।

## एटीएस की संयुक्त टीमों की छापेमारी

एटीएस की कालाचौकी, नागपाड़ा और विक्रोली इकाइयों ने समन्वय के साथ यह अभियान चलाया। गोवंडी में तीन और कुर्ला में एक परिसर की तलाशी ली गई, जहां से संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। इन पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े होने का गंभीर संदेह है।

## डिजिटल सबूत और आईएसआईएस कनेक्शन की जांच

छापेमारी के दौरान मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, इनमें आईएसआईएस से संबंधित प्रचार सामग्री और विदेशी हैंडलर्स के साथ चैट हिस्ट्री मिली है।

# वीएसआर वेंचर्स के मालिक पर लापरवाही का आरोप

**मुंबई।** महाराष्ट्र के दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार के हादसे से जुड़ी विमान कंपनी वीएसआर वेंचर्स के मालिक का एक वीडियो वायरल होने के बाद राज्य की राजनीति में नया विवाद खड़ा हो गया है। इस वीडियो के सामने आने से पहले से चल रहा राजनीतिक तनाव और गहरा गया है।

गौरतलब है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकंपा-शरद) के नेता रोहित पवार पहले ही वीएसआर वेंचर्स कंपनी पर गंभीर आरोप लगा चुके हैं। इन आरोपों के चलते राज्य में राजनीतिक माहौल पहले से ही गर्म बना हुआ था। ताजा विवाद तब और बढ़ गया जब जय पवार ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें कथित तौर पर वीएसआर वेंचर्स कंपनी के मालिक रोहित सिंह एक विमान के कॉकपिट में दिखाई दे रहे हैं।


## पश्चिम रेलवे
### विद्युतीकरण कार्य

वडोदरा, २६ फरवरी २०२६ – उप मुख्य विद्युत् अभियन्ता (निर्माण), पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा (बी.आर.सी.) **ई निविदा सूचना संख्या T.R.-C.-03-2026-P जारी आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम और स्थान** -बी.आर.सी. मण्डल के संमनी-जम्बूसर खण्ड के जी.सी. कार्य से सम्बद्ध स्टेशन भवन, सेवा भवन, मञ्च, आवरण शेड, परिसंचरण क्षेत्र, पदपथ पुल/सुरंग तथा कर्मचारी आवासों के विद्युत्करण हेतु है। **कार्य की अनुमानित लागतः** 1,84,17,487.67 रुपये **निविदा सुरक्षाकृत राशिः** 2,42,100 रुपये **निविदा प्रक्षेपण तिथिः** 26 फरवरी 2026, 12:48 बजे निविदा आरम्भ तिथिः 09 मार्च 2026 **निविदा बन्द होने की तिथिः** 23 मार्च 2026, अपराह्न 3:00बजे। पूर्ण विवरण हेतु www.ireps.gov.in पर अवलोकन करें। 1182

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



## पश्चिम रेलवे
### सामग्री प्रबंधन विभाग
### विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना संख्याः S/11/2026 दिनांकः 27.02.2026

| क्र. | निविदा संख्या | वस्तु का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | आपूर्ति की अवधि (T.O.D.) |
|---|---|---|---|---|
| 74 | 26261005 | आरडीएसओ ड्राइंग सं. T-8751 के अनुसार HVN-66 इंसुलेटिंग लाइनर की आपूर्ति हेतु एक वर्ष का रनिंग कॉन्ट्रैक्ट। | 36,50,600 नग | 01-04-2026 |
| 75 | 26267091 | आरडीएसओ ड्राइंग सं. T-3707 से 3708 के अनुसार HVN-66 इंसुलेटिंग लाइनर की आपूर्ति हेतु एक वर्ष का रनिंग कॉन्ट्रैक्ट। | 1,50,000 सेट | 30-03-2026 |
| 76 | 09253165 | ओवरहॉलिंग किट | 3,380 सेट | 30-03-2026 |
| 77 | 15252290 | लेटरल डैम्पर | 1,101 नग | 30-03-2026 |
| 78 | 15262022 | एक्सल बॉक्स पिवट बुश | 4,419 नग | 26-03-2026 |
| 79 | 11265001 | हाइड्रोलिक बफर का डिज़ाइन, निर्माण (फैब्रिकेशन), आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग। | 4 सेट | 25-03-2026 |

**संशोधन (Corrigendum)**

कृपया निविदा सूचना संख्या S-06-2026 दिनांक 28.01.2026 के क्रमांक 53 के लिए अंतिम तिथि "13.03.2026" पढ़ी जाए।

विस्तृत निविदा सूचना, ईएमडी, खरीद संबंधी प्रतिबंध तथा विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में जानकारी हेतु वेबसाइट www.ireps.gov.in एवं wr.indianrailways.gov.in पर देखें। 1187

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फालो करें: X.com/WesternRly



## पश्चिम रेलवे
### पार्सल एसएलआर पट्टा हेतु ई-नीलामी

पश्चिम रेलवे ने मुंबई मण्डल से प्रारम्भ होने वाली गाड़ियों में पार्सल एसएलआर के पट्टे हेतु तीन वर्षीय अनुबन्ध की ई-नीलामी आमन्त्रित की है। आइआरईपीएस वेबसाइट पर सूची पत्रक पहले ही प्रकाशित हो चुका है। अनुबन्ध विवरणःप्रकारः पार्सलश्रेणीः पार्सल एसएलआरअवधिः ३ वर्षसहभागिता हेतुपूर्ण विवरण एवं भाग लेने हेतु www.ireps.gov.in पर सूची पत्रक अवलोकन करें।

**1. AUCTION CATALOGUE NO: MMCT-PLS-26-17**

लॉट संख्या

| | |
|---|---|
| 19003-SLR-F2 DDR-BSL-26-1 | 22971-SLR-R1-BDTS-PNBE-25-1 |
| 19091-SLR-R1 BDTS-GKP-26-1 | 09049-SLR-R1 DDR-BSL-26-1 |
| 02133-SLR-F1 BDTS-JBP-25-3 | 21903-SLR-F1 BDTS-BKN-25 2 |
| 09049-SLR-F2 DDR-BSL-26-1 | 22903-SLR-F1-BDTS-BHUJ-22-1 |
| 21903-SLR-R1 BDTS-BKN-25 2 | 02133-SLR-R1-BDTS-JBP 25-4 |
| 09049-SLR-F1 DDR-BSL-26-1 | |

ई-ऑक्शन की तारीख और समयः लॉट के लिए ई-ऑक्शन **10.03.2026** को **12:00** बजे शुरू होगा। शुरुआती कूलिंग पीरियड **30 मिनट** है।

**2. सूची पत्रक विवरणनीलामी सूची पत्रक संख्याः MMCT-PLS-26-18**

लॉट संख्या

12009-SLR-R1-MMCT-ADI-26-1

नीलामी समय ई-नीलामी 11.03.2026 को 12:00 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक शीतलन अवधि 30 मिनट।

**3. नीलामी सूची पत्रक संख्याः MMCT-PLS-26-19**

लॉट संख्या

| | |
|---|---|
| 12951-SLR-R1-MMCT-NDLS-26-1, | 22949-SLR-BDTS-DEE-26-1 |
| 02133-SLR-F2 BDTS-JBP-26-02 | 12903-SLR-R1-BDTS-ASR-26-1 |
| 12955-SLR-F1-BDTS-JP-26-1 | 12951-VP-1-MMCT-NDLS-26-1 |
| 12955-SLR-R1-BDTS-JP-26-1 | |

समय ई-नीलामी 12.03.2026 को 12:00 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक शीतलन अवधि 30 मिनट।

**सहभागिता हेतु विस्तृत जानकारी https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध।** 1181

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फालो करें: X.com/WesternRly



## पश्चिम रेलवे
### मरम्मत कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम रेलवे, 6वीं मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, Mumbai Central, मुंबई – 400008, **ई-निविदा सूचना क्रमांकः BCT25-26/329, दिनांकः 25.02.2026 आमंत्रित करते हैं। कार्य एवं स्थानः** लोअर परेल – विभिन्न कार्यालय भवनों में छत से होने वाले रिसाव की मरम्मत तथा संबंधित कार्य। सेवा भवनों एवं ऑगस्ट क्रांति कॉलोनी में आवधिक पेंटिंग एवं लघु मरम्मत कार्य। **अनुमानित लागतः** 2,25,15,614.66धरोहर राशि (EMD): 2,62,600/- **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 24.03.2026, दोपहर 15:00 बजे तक **निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** 24.03.2026, 15:30 बजे अधिक जानकारी हेतु कृपया आधिकारिक वेबसाइट पर www.ireps.gov.in देखें 1180

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



## पश्चिम रेलवे
### मरम्मत कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (WA), पश्चिम रेलवे, 6वीं मंज़िल, अभियांत्रिकी विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008, **ई-टेंडर सूचना संख्याः BCT/25-26/330 दिनांकः 26.02.2026** आमंत्रित करते हैं। **कार्य एवं स्थानः** बांद्रा पाली हिल कॉलोनी स्थित अधिकारियों के क्वार्टरों में आवास परिवर्तन के संबंध में मरम्मत कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः** 2,50,74,433.83 EMD: 2,75,400/- **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 24.03.2026, दोपहर 15:00 बजे तक **निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** 24.03.2026, 15:30 बजे अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। 1185

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



## पश्चिम रेलवे
### क्लोरीन फ़िल्टर का संशोधन एवं स्थानांतरण

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, कैरेज रिपेयर वर्कशॉप, पश्चिम रेलवे, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई–13 **निविदा सूचना संख्याः WR-PL-ME-EST-641521-A दिनांकः 02.03.2026 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नामः** आईआर-डीआरडीओ बायोडाइजेस्टर युक्त एलएचबी प्रकार के कोचों में क्लोरीन फ़िल्टर का संशोधन एवं स्थानांतरण, तथा कार्य के दायरे के अनुसार बायोडाइजेस्टर टैंक के एस-ट्रैप में संशोधन, आर.बी. पत्र संख्या 2021/M (C)/141/2Pt2, दिनांक 08.05.2025 के अनुसार। **अनुमानित लागतः** 2,95,23,600/- **ईएमडीः** 2,97,600/- **ई-निविदा जमा करने एवं ई-टेंडर खोलने की अंतिम तिथि एवं समयः** 25.03.2026, दोपहर 13:00 बजे तक। निविदा प्रपत्र एवं अन्य विवरण/शुद्धिपत्र (Corrigendum) वेबसाइट www.ireps.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। 1190

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



## पश्चिम रेलवे
### पीने के पानी की सप्लाई

मंडल रेल प्रबंधक (WA), पश्चिमी रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 **ई-निविदा सूचना संख्याः BCT/25-26/327 , 24 फरवरी 2026 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम** और स्थान -टेंडर उकाई सोंघाड़ - जळगांव खंड में स्टेशन प्लेटफॉर्म, स्टाफ क्वार्टर एवं ट्रैफिक कॉलोनी पर दो वर्षों के लिए पेयजल आपूर्ति का कार्य , जो SSE/W/अमलनेर क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आता है। **कार्य की अनुमानित लागतः** 52,43,319.90 **ईएमडीः** 1,04,900/- **बोली जमा करने की अंतिम तिथि व समयः** 24 मार्च 2026, दोपहर 15:00 बजे तक बोली खोलने की तिथि व समयः 24 मार्च 2026, दोपहर 15:30 बजे पूर्ण विवरण हेतु वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। मैनुअल बोली स्वीकार्य नहीं होगी। 1177

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



## मध्य रेल
### सिग्नलिंग कार्य

भारत के राष्ट्रपति और केंद्रीय रेलवे, मुंबई सीएसटी 400 001 की ओर से प्रतिष्ठित ठेकेदारों से "दो पैकेट" खुली निविदाओं के लिए आमंत्रित किया गया है, जिसके लिए मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी), प्रथम तल, पार्सल कार्यालय भवन। **क्र.सं. : 1, कार्य का नाम :** मुंबई डिवीजन के कल्याण–लोनावाला खंड में आरओबी के प्रावधान एलसी गेट 21,22,23,25,26 और 27 को बंद करने के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। **निविदा सूचना नं. सीआर/बीबी/सं.एवंदु.सं/उत्तर/2026/16, लगभग मूल्य :** रु. 2.99 करोड़, **खुलने की तारीख :** 26.03.2026, **ईएमडी :** रु. 299500/–, **वैधता :** 60 दिन, **समापन अवधि :** 18 महीने, **क्र.सं. : 2, कार्य का नाम :** इगतपुरी टिटोली यार्ड में आरबीपीसी प्रकार की मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए यूपी एवं डीएन आरएंडडी लाइन संख्या 8 पर पिट लाइन के विकास और आरएंडडी लाइन 6 एवं 7 पर स्टेबलिंग सुविधाओं के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। **निविदा सूचना नं. सीआर/बीबी/सं.एवंदु.सं/उत्तर/2026/17, लगभग मूल्य :** रु. 2.25 करोड़, **खुलने की तारीख :** 26.03.2026, **ईएमडी :** रु. 262900/–, **वैधता :** 60 दिन, **समापन अवधि :** 12 महीने, **क्र.सं. : 3, कार्य का नाम :** मुंबई डिवीजन के कल्याण–टिटोली सेक्शन (ए रूट) में उत्तर पूर्वी घाटों से युक्त कसारा–टिटोली सेक्शन (18 किमी सेक्शन) में डबल/सेकंड डिस्टेंस सिग्नलिंग व्यवस्था का प्रावधान। **निविदा सूचना नं. सीआर/बीबी/सं.एवंदु.सं/उत्तर/2026/18, लगभग मूल्य :** रु. 4.49 करोड़, **खुलने की तारीख :** 26.03.2026, **ईएमडी :** रु. 374700/–, **वैधता :** 60 दिन, **समापन अवधि :** 12 महीने, यह निविदा 15/06/2017 दिनांकित सार्वजनिक खरीद नीति (भारत में बनाओ) आदेश 2017 का अनुपालन करती है। निविदाओं का पूरा ब्यौरा मध्य रेलवे में उपलब्ध है। आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पूरी निविदा दस्तावेजों को वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदाओं का पूरा विवरण मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी) के कार्यालय, मुंबई सीएसटी के "नोटिस बोर्ड" में भी उपलब्ध है। 953

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे



## मध्य रेल
### सिग्नल कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी), प्रथम तल, पार्सल कार्यालय भारत के राष्ट्रपति और केंद्रीय रेलवे, मुंबई सीएसटी ४०० ००१ की ओर से प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली निविदाओं के लिए आमंत्रित किया गया है। **क्र.सं. : 1, कार्य का नाम :** मुंबई डिवीजन में "सीएसएमटी, दादर, वीवीएच, डोम्बीवली, ठाकुरली, विक्रोली में सीएसएमटी–कल्याणः मौजूदा आरसीसी बॉक्स को बढ़ाना" के काम के संबंध में सिग्नलिंग का काम। **निविदा सूचना नं. सीआर/बीबी/सं.एवंदु.सं/.दक्षिण/2026/19 लगभग मूल्य :** रु. 2.39 करोड़, **खुलने की तारीख :** 24.03.2026, **ईएमडी :** रु. 269500.00/–, **वैधता :** 60 दिन, **समापन अवधि :** 12 महीने, यह निविदा 15/06/2017 दिनांकित सार्वजनिक खरीद नीति (भारत में बनाओ) आदेश 2017 का अनुपालन करती है। निविदाओं का पूरा ब्यौरा मध्य रेलवे में उपलब्ध है। आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पूरी निविदा दस्तावेजों को वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदाओं का पूरा विवरण मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी) के कार्यालय, मुंबई सीएसटी के "नोटिस बोर्ड" में भी उपलब्ध है। 963

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे



## मध्य रेल
### सोलापुर मंडल
### इंजीनियरिंग कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी और से निम्नलिखित कार्यों के लिये ई–निविदये आमंत्रित करते है. **निविदा क्र.:–** 05-20226-SrDENS, **कार्य का नामः–** 1) Miscellaneous P.Way works under SSE(P.Way)SDB section under ADEN/KLBG Sub-Division. 2) Miscellaneous P.Way works under SSE(P.Way) DUD section under ADEN/SUR(S) Sub-Division., **अनुमानित लागत रु.:–** Rs. 75257993.82, **बयाना रक्कमः–** Rs. 526300.00, **समापन की अवधीः–** 24 Months, **अनुरक्षण की अवधीः–** NA, **निविदा क्र.:–** 06-20226-SrDENS, **कार्य का नामः–** 1. Provision of approach road in railway colonies at KLBG-KUI section under ADEN/KLBG sub division. 2. Provision of approach road in railway colonies at Wadi MR section under ADEN/KLBG sub division., **अनुमानित लागत रु.:–** Rs. 83387381.41, **बयाना रक्कमः–** Rs. 566900.00, **समापन की अवधीः–** 12 Months, **अनुरक्षण की अवधीः–** 24 Months, **निविदा क्र.:–** 07-20226-SrDENS, **कार्य का नामः–** [1] Operation and maintenance of Water Recycling Plant of 350 KLD capacity at Wadi for 36 months. [2] Operation, maintenance and running of Sewage Treatment Plant of 15 KLD at RB II Modi colony Solapur for 36 months. [3] Repairs to pipeline for WRP at Porter chawl, Solapur., **अनुमानित लागत रु.:–** Rs. 6267278.27, **बयाना रक्कमः–** Rs. 125400.00, **समापन की अवधीः–** 36 Months, **अनुरक्षण की अवधीः–** NA, **www.ireps.gov.in इस वेब साईट पर टेंडर अपलोड करणे कि अंतिम दिनांक और समयः–** 23/03/2026 को 15.00 बजे तक, **www.ireps.gov.in इस वेब साईट पर टेंडर खुलने का दिनांक और समयः–** 23.03.2026 को 15.30 बजे निविदाकारों से निवेदन हैं की कोई बदलाव शुद्धिपत्र (यदि हो) के लिये Website: **www.ireps.gov.in** पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।

मंडल रेल प्रबंधक, (कार्य) सोलापूर

13

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे



## पश्चिम रेलवे बांद्रा टर्मिनस – आजमगढ़ के बीच सुपरफास्ट होली स्पेशल ट्रेन चलाएगा

| ट्रेन नंबर | प्रारंभ स्टेशन और गंतव्य स्टेशन | सेवा की तिथियाँ | विस्तारित दिनांक | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 05184 | बांद्रा टर्मिनस आजमगढ़ | 09.03.2026 एवं 16.03.2026 | 10:45 बजे (सोमवार) | 20:10 बजे (अगले दिन) |
| 05183 | आजमगढ़ – बांद्रा टर्मिनस | 07.03.2026 एवं 14.03.2026 | 23:15 बजे (शनिवार) | 08:10 बजे (सोमवार) |

**ठहरावः** बोरिवली, सूरत, वडोदरा, रतलाम, नागदा, कोटा, गंगापुर सिटी, बयाना, इदगाह आगरा, तुंडला ,गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी, औड़िहार , दुल्हापुर, मऊ दोनों दिशाओं में।

ट्रेन संरचनाः AC 3-टियर (इकोनॉमी सहित), स्लीपर और जनरल कोच ।

ट्रेन के ठहराव, ठहराव समय एवं कोच संरचना की विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in पर देखें:

ट्रेन सं. 05184 की बुकिंग दिनांक 04.03.2026 से सभी पीआरएस (PRS) काउंटरों तथा IRCTC की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। उक्त ट्रेन विशेष किराया (Special Fare) पर विशेष ट्रेन के रूप में संचालित की जाएगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें और हमें फॉलो करें
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ लाएँ



## मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल
(महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई )

म्हाडा MHADA

दूरभाषः 022-66405484 ई-मेलः eecityslum@gmail.com

संदर्भ क्र.: EE/City/MSIB/e-tender/97/2025-26

### ई-निविदा सूचना क्रमांक 97

कार्यकारी अभियंता (सिटी) प्रभाग, मुंबई स्लम सुधार बोर्ड (MHADA की इकाई), **कक्ष क्रमांक 539, चौथा तल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400051,** दूरभाष (022) 66405484 द्वारा संबंधित उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों अथवा किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय संस्था से बी-1 (प्रतिशत दर) पद्धति में कुल 07 कार्यों हेतु खुली/नियमित ई-निविदाएं ऑनलाइन ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र शासन के पोर्टल https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे तथा वहीं से डाउनलोड किए जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर ही अपलोड करना अनिवार्य है। निविदा दस्तावेज बिक्री प्रारंभ दिनांकः **04/03/2026, प्रातः 01:05** बजे निविदा दस्तावेज बिक्री समाप्ति दिनांकः **11/03/2026, अपराह्न 03:00** बजे यदि कोई संशोधन/शुद्धिपत्र (Corrigendum/Amendment) जारी किया जाता है, तो वह केवल https://mahatenders.gov.in वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा। सक्षम प्राधिकारी को बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। सशर्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी।

Follow us: @mhadaofficial

सीपीआरओ/ए/170

हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता (शहर),
एम.एस.आई.बी. बोर्ड, मुंबई

म्हाडा-राष्ट्र में अग्रणी आवास प्राधिकरण


संपादकीय

## ईरान-अमेरिका संघर्ष से उठते सवाल

पश्चिम एशिया एक बार फिर युद्ध की आग में झुलस रहा है। ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच बढ़ता सैन्य संघर्ष केवल दो देशों का विवाद नहीं है, बल्कि यह पूरी दुनिया की शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। इस संघर्ष में इज़राइल की भूमिका भी सामने आई है, जिसके कारण पूरे पश्चिम एशिया में तनाव तेजी से बढ़ रहा है। दुनिया के कई प्रमुख अखबार और विश्लेषक इसे एक ऐसे संकट के रूप में देख रहे हैं जो किसी बड़े वैश्विक संघर्ष का रूप भी ले सकता है। इस युद्ध की शुरुआत हाल के सैन्य हमलों से हुई, जब अमेरिकी और इज़राइली सेनाओं ने ईरान के कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। इसके जवाब में ईरान ने भी मिसाइल और ड्रोन हमलों के माध्यम से प्रतिरोध किया। इसके बाद स्थिति लगातार गंभीर होती गई। कई क्षेत्रों में सैन्य ठिकानों पर हमले हुए, सैनिकों की मौत की खबरें आईं और पूरे क्षेत्र में युद्ध की आशंका गहरा गई। यह केवल सीमित सैन्य कार्रवाई नहीं रही, बल्कि अब यह एक व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष का रूप लेने लगी है। दुनियाभर के समाचार पत्रों और विश्लेषकों ने इस युद्ध को लेकर चिंता व्यक्त की है। कई अंतरराष्ट्रीय अखबारों का मानना है कि यह संघर्ष केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति की जटिल प्रतिस्पर्धा का परिणाम है। पश्चिमी देशों की नीतियों पर भी सवाल उठ रहे हैं। कुछ विश्लेषकों का कहना है कि लंबे समय से पश्चिम एशिया में हस्तक्षेप और दबाव की नीति ने क्षेत्र को अस्थिर बनाया है। जब भी किसी देश की आंतरिक राजनीति या सुरक्षा को लेकर बाहरी हस्तक्षेप बढ़ता है, तो उसका परिणाम अक्सर संघर्ष और हिंसा के रूप में सामने आता है। युद्ध का सबसे बड़ा दुष्परिणाम आम नागरिकों को भुगतना पड़ता है। युद्ध के मैदान में सैनिक लड़ते हैं, लेकिन उसकी कीमत समाज के साधारण लोग चुकाते हैं। बमबारी, विस्थापन, आर्थिक संकट और भय का वातावरण आम जनता के जीवन को प्रभावित करता है। युद्ध केवल शहरों और इमारतों को ही नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक स्थिरता को भी नष्ट कर देता है। इतिहास इस बात का गवाह है कि कोई भी युद्ध स्थायी समाधान नहीं देता, बल्कि नई समस्याओं और तनावों को जन्म देता है। इस संघर्ष का एक महत्वपूर्ण प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ सकता है। पश्चिम एशिया दुनिया के ऊर्जा संसाधनों का प्रमुख केंद्र है। यदि यहां युद्ध लंबा चलता है, तो तेल आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रभावित हो सकता है। इससे दुनिया भर में महंगाई बढ़ने और आर्थिक अस्थिरता की आशंका भी पैदा हो सकती है। यही कारण है कि कई देशों ने तुरंत युद्ध रोकने और संवाद की राह अपनाने की अपील की है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय का एक बड़ा वर्ग मानता है कि कूटनीति और संवाद ही ऐसे संकटों का समाधान हो सकते हैं। युद्ध के माध्यम से किसी भी समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं होता। शक्ति प्रदर्शन के बजाय विश्वास और सहयोग का मार्ग अपनाना ही मानवता के हित में है। यदि विश्व शक्तियां अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को थोड़ा पीछे रखकर शांति और संतुलन को प्राथमिकता दें, तो कई बड़े संकटों को टाला जा सकता है। आज की दुनिया पहले से कहीं अधिक जुड़ी हुई है। किसी एक क्षेत्र में होने वाला संघर्ष पूरी दुनिया को प्रभावित करता है। इसलिए आवश्यक है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में संयम, संतुलन और दूरदर्शिता को महत्व दिया जाए। यदि युद्ध की आग फैलती रही, तो उसका दुष्परिणाम केवल एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी मानवता को उसकी कीमत चुकानी पड़ सकती है। इसलिए समय की मांग यही है कि सभी पक्ष युद्ध की नीति से पीछे हटें और शांति, संवाद तथा कूटनीतिक समाधान का मार्ग अपनाएं। इतिहास हमें बार-बार यही सिखाता है कि युद्ध अंततः विनाश ही लाता है, जबकि शांति ही मानव सभ्यता के विकास और समृद्धि का वास्तविक आधार है।

शख्सियत | आर. वेंकटरमण

## संघर्ष, सादगी और संवैधानिक मर्यादा के प्रतीक



**भारत के आठवें राष्ट्रपति आर. वेंकटरमण का जीवन इस बात का प्रेरक उदाहरण है कि कठिन परिस्थितियों में भी दृढ़ संकल्प, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के बल पर व्यक्ति देश की सर्वोच्च जिम्मेदारियों तक पहुंच सकता है। उनका जीवन केवल राजनीति तक सीमित नहीं था, बल्कि उसमें स्वतंत्रता संग्राम की चेतना, कानून की गहरी समझ, प्रशासनिक दक्षता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति अटूट निष्ठा भी दिखाई देती है।**

आर. वेंकटरमण का जन्म 4 मार्च 1910 को तमिलनाडु के तंजावुर जिले में एक साधारण परिवार में हुआ था। प्रारंभिक जीवन आर्थिक दृष्टि से बहुत समृद्ध नहीं था, लेकिन शिक्षा के प्रति उनके परिवार का गहरा झुकाव था। उन्होंने मद्रास विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र और कानून की पढ़ाई की। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने वकालत शुरू की और शीघ्र ही एक कुशल वकील के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त कर ली। परंतु उनके भीतर केवल व्यक्तिगत सफलता की आकांक्षा नहीं थी, बल्कि देश की स्वतंत्रता के लिए कुछ करने की तीव्र इच्छा भी थी। जब देश में स्वतंत्रता आंदोलन तेज हो रहा था, तब वे भी उससे अछूते नहीं रहे। उन्होंने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध आंदोलनों में सक्रिय भाग लिया और कई बार जेल भी गए। उनके भीतर राष्ट्रभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना बहुत गहरी थी। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उन्होंने श्रमिकों और आम लोगों के अधिकारों के लिए भी आवाज उठाई। यह अनुभव उनके राजनीतिक जीवन की मजबूत नींव बना। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद उनका राजनीतिक जीवन तेजी से आगे बढ़ा। वे संविधान सभा के सदस्य बने और देश के नए संविधान के निर्माण में योगदान दिया। बाद में उन्होंने तमिलनाडु की राजनीति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और राज्य सरकार में उद्योग, श्रम और परिवहन जैसे विभागों की जिम्मेदारी संभाली। उनके प्रशासनिक निर्णयों में दूरदर्शिता और व्यावहारिकता दोनों का संतुलन दिखाई देता था। राष्ट्रीय स्तर पर भी उनकी पहचान एक कुशल प्रशासक और अनुभवी नेता के रूप में बनी। उन्होंने भारत सरकार में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। वे वित्त मंत्री और रक्षा मंत्री जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों के प्रमुख रहे। रक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने भारत की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। उनके नेतृत्व में प्रशासनिक पारदर्शिता और जिम्मेदारी की भावना स्पष्ट दिखाई देती थी। 1984 में वे भारत के उपराष्ट्रपति बने और 1987 में देश के आठवें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित हुए। राष्ट्रपति के रूप में उनका कार्यकाल संवैधानिक गरिमा, संतुलन और विवेक का उदाहरण माना जाता है। उस समय देश की राजनीति कई चुनौतियों और उतार-चढ़ाव से गुजर रही थी, लेकिन उन्होंने हमेशा संविधान की मर्यादा को सर्वोच्च रखा। उनका व्यक्तित्व अत्यंत सरल, विनम्र और संतुलित था। वे मानते थे कि सार्वजनिक जीवन में नैतिकता और जिम्मेदारी सबसे महत्वपूर्ण गुण हैं। वे सत्ता को अधिकार नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम मानते थे। यही कारण है कि उनका जीवन आज भी सार्वजनिक जीवन में आने वाले लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। 25 जनवरी 2009 को उनका निधन हो गया, लेकिन उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्ची सफलता पद या प्रतिष्ठा में नहीं, बल्कि अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदारी और देश के प्रति समर्पण में होती है।

# रंगों में सत्य, प्रेम और भाईचारा



-देवेंद्रनाथ जैसवार

भारत त्योहारों का देश है और यहां मनाया जाने वाला प्रत्येक पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि जीवन के गहरे मूल्यों का संदेश देता है। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण पर्व है होली, जो रंग, उल्लास और आपसी प्रेम का प्रतीक है। यह केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सत्य की विजय, बुराई के अंत और भाईचारे के विस्तार का उत्सव भी है। होली हमें यह सिखाती है कि समाज में प्रेम, समानता और सौहार्द बना रहे, तभी जीवन में सच्ची खुशी संभव है। होली का इतिहास अत्यंत प्राचीन है और इसकी जड़ें भारतीय संस्कृति तथा पुराणों में मिलती हैं। इस पर्व की सबसे प्रसिद्ध कथा प्रह्लाद, हिरण्यकशिपु और होलिका से जुड़ी है। कहा जाता है कि हिरण्यकशिपु अत्यंत अहंकारी राजा था और स्वयं को भगवान मानता था, जबकि उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का भक्त था। क्रोधित होकर हिरण्यकशिपु ने अपनी बहन होलिका को आदेश दिया कि वह प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठ जाए, क्योंकि उसे आग से न जलने का वरदान प्राप्त था। किंतु सत्य और भक्ति की शक्ति के सामने छल और अहंकार टिक नहीं सके। प्रह्लाद सुरक्षित बच गया और होलिका जलकर भस्म हो गई। तभी से बुराई के अंत की स्मृति में होलिका दहन की परंपरा शुरू हुई। होली का दूसरा रूप रंगों का उत्सव है, जो अगले दिन मनाया जाता है। इस दिन लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर पुराने मतभेद भूल जाते हैं और प्रेमपूर्वक गले मिलते हैं। भारतीय समाज में यह त्योहार सामाजिक समानता का भी प्रतीक माना जाता है, क्योंकि इस दिन जाति, वर्ग, अमीरी-गरीबी जैसे भेदभाव पीछे छूट जाते हैं। गांव से लेकर शहर तक लोग एक साथ मिलकर उत्सव मनाते हैं। ढोल, संगीत, नृत्य और हंसी-मजाक के साथ वातावरण में उल्लास फैल जाता है। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी इस पर्व में समान रूप से भाग लेते हैं। इतिहासकारों के अनुसार होली का उल्लेख प्राचीन ग्रंथों और शिलालेखों में भी मिलता है। लगभग 300 ईसा पूर्व के कुछ साहित्यिक स्रोतों में वसंतोत्सव के रूप में होली का वर्णन मिलता है। संस्कृत के प्राचीन नाटकों और काव्य ग्रंथों में भी रंगोत्सव का उल्लेख मिलता है। मध्यकाल में भी यह पर्व राजाओं और आम जनता दोनों के बीच लोकप्रिय था। मुगल काल में भी कई शासकों ने होली के उत्सव में भाग लिया। उदाहरण के लिए अकबर और जहांगीर के दरबार में होली के उत्सव का उल्लेख मिलता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह त्योहार केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक समन्वय का भी प्रतीक रहा है। आज होली केवल भारत तक सीमित नहीं रही। विश्व के अनेक देशों में भी इसे उत्साह के साथ मनाया जाता है।



भारत के अलावा नेपाल, बांग्लादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका, मॉरीशस, फिजी, त्रिनिदाद और टोबैगो, सूरीनाम, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में भी भारतीय मूल के लोग तथा स्थानीय समुदाय इस रंगोत्सव को मनाते हैं। कई देशों के विश्वविद्यालयों और सांस्कृतिक संगठनों में भी होली उत्सव आयोजित किए जाते हैं, जिनमें हजारों लोग भाग लेते हैं। होली से जुड़े कई रोचक तथ्य भी हैं। उत्तर प्रदेश के बरसाना और नंदगांव की लठमार होली विश्वभर में प्रसिद्ध है। इसी प्रकार मथुरा और वृंदावन में कई दिनों तक चलने वाली होली धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व रखती है। यहां मंदिरों में फूलों की होली, रंगों की होली और भक्ति संगीत के साथ उत्सव मनाया जाता है। पश्चिम बंगाल में इसे बसंत उत्सव के रूप में मनाया जाता है, जबकि पंजाब में होला मोहल्ला की परंपरा भी इसी समय मनाई जाती है। समय के साथ होली का स्वरूप बदलता रहा है, लेकिन इसका मूल संदेश आज भी वही है—सत्य की विजय, बुराई का अंत और प्रेम का प्रसार। यह त्योहार हमें यह याद दिलाता है कि समाज में यदि परस्पर विश्वास और भाईचारा बना रहे तो अनेक समस्याएं स्वतः समाप्त हो सकती हैं। आज जब दुनिया में तनाव, संघर्ष और विभाजन की प्रवृत्तियां बढ़ रही हैं, तब होली का संदेश और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है। रंगों का यह पर्व हमें सिखाता है कि मनुष्य के बीच भेदभाव की दीवारें गिराकर प्रेम और सौहार्द का पुल बनाया जाए। यदि हम होली के वास्तविक संदेश—सत्य, प्रेम और भाईचारे—को अपने जीवन में उतार लें, तो समाज अधिक सुंदर, मानवीय और सुखद बन सकता है। यही इस महान पर्व की सच्ची भावना और वास्तविक संदेश है।

होली से जुड़े कई रोचक तथ्य भी हैं। उत्तर प्रदेश के बरसाना और नंदगांव की लठमार होली विश्वभर में प्रसिद्ध है। इसी प्रकार मथुरा और वृंदावन में कई दिनों तक चलने वाली होली धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व रखती है। यहां मंदिरों में फूलों की होली, रंगों की होली और भक्ति संगीत के साथ उत्सव मनाया जाता है। पश्चिम बंगाल में इसे बसंत उत्सव के रूप में मनाया जाता है, जबकि पंजाब में होला मोहल्ला की परंपरा भी इसी समय मनाई जाती है। समय के साथ होली का स्वरूप बदलता रहा है, लेकिन इसका मूल संदेश आज भी वही है—सत्य की विजय, बुराई का अंत और प्रेम का प्रसार। यह त्योहार हमें यह याद दिलाता है कि समाज में यदि परस्पर विश्वास और भाईचारा बना रहे तो अनेक समस्याएं स्वत: समाप्त हो सकती हैं।

हमारी गीता

## मोह और कर्तव्य के बीच अर्जुन का द्वंद्व



स्वामिनी निष्कलानंदा
चिन्मय मिशन कल्याण

भगवद्गीता में युद्धभूमि का एक अत्यंत गूढ़ और मानवीय दृश्य सामने आता है। एक ओर दुर्योधन अपने गुरु द्रोणाचार्य से कहता है— "सेना को देखिए", और दूसरी ओर भगवान श्रीकृष्ण भी अर्जुन से कहते हैं— "सेना को देखो।" भगवान अंतर्यामी हैं, वे सब कुछ जानते और समझते हैं, फिर भी वे मौन रहकर सब देखते और सुनते हैं। यही प्रभु की लीला और माया है। भगवान ने अर्जुन से केवल सेना देखने को कहा था, पर अर्जुन की दृष्टि सेना से हटकर अपने संबंधियों पर चली गई। उसे अपने चाचा, दादा, गुरु, भाई, मामा, मित्र, पुत्र और ससुर दिखाई देने लगे। वह सोचने लगा कि ये सब अपने ही लोग हैं, जिनके साथ जीवन के अनेक संबंध जुड़े हैं। जिनकी रक्षा की, जिनसे स्नेह पाया, वही आज युद्ध के लिए सामने खड़े हैं। यह दृश्य देखकर अर्जुन का मन व्याकुल हो उठा। उसके भीतर दया और करुणा की भावना जाग उठी। संजय इस स्थिति को मन की कृपा कहते हैं, किंतु वास्तव में यह करुणा नहीं बल्कि मोह था। जब मोह मन में प्रवेश करता है तो वीरता और धैर्य पीछे हट जाते हैं। अर्जुन के साथ भी यही हुआ—उसका साहस और पराक्रम क्षीण पड़ गया, और उसका हृदय स्वजनों के प्रेम में द्रवित हो गया। संसार में यही प्रभु की माया है, जिसने ऋषियों, मुनियों, ज्ञानियों और गुणियों तक को भ्रमित किया है। यह माया कभी मोह बनकर आती है, कभी दया का रूप लेकर मन को विचलित करती है। बड़े से बड़े ज्ञानी को भी यह भूल करा देती है और मनुष्य को सत्य से दूर ले जाती है। यही कारण है कि गीता हमें सिखाती है कि जीवन के कठिन क्षणों में मोह से ऊपर उठकर धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर दृढ़ रहना ही सच्चा पुरुषार्थ है।




जीवन ऊर्जा

श्रीमंत शंकरदेव : जन्म 4 मार्च 1449 | जन्म

## परोपकार ही सच्चे धर्म की पहचान है

**श्रीमंत शंकरदेव का जन्म 4 मार्च 1449 को हुआ था। वे असम के महान संत, समाज सुधारक, कवि और दार्शनिक थे। उन्होंने वैष्णव भक्ति आंदोलन को नई दिशा दी और "एक-शरण-नाम-धर्म" के माध्यम से समानता और भाईचारे का संदेश दिया। "अंकिया नाट" नाट्य परंपरा की शुरुआत भी उन्होंने की। उनका निधन 23 अगस्त 1568 को हुआ।**



सच्ची भक्ति वही है जिसमें अहंकार का कोई स्थान न हो। ईश्वर की शरण में जाने वाला व्यक्ति कभी अकेला नहीं होता। मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म है मानवता की सेवा। भक्ति का मार्ग प्रेम और करुणा से होकर गुजरता है। जो दूसरों के दुख को समझता है, वही सच्चा भक्त है। ईश्वर तक पहुँचने का मार्ग सरल है, बस मन को निर्मल बनाना पड़ता है। भक्ति में भेदभाव का कोई स्थान नहीं होता। प्रेम ही वह शक्ति है जो समाज को जोड़ती है। मनुष्य का मूल्य उसके कर्मों से तय होता है, जन्म से नहीं। सच्चा धर्म वही है जो सबको साथ लेकर चले। ईश्वर हर हृदय में निवास करते हैं। मन की शुद्धता ही सच्ची पूजा है। जो दूसरों से प्रेम करता है, वही ईश्वर के निकट होता है। समाज की शक्ति उसकी एकता में होती है। भक्ति से मन को शांति और जीवन को दिशा मिलती है। घृणा मनुष्य को छोटा बनाती है, प्रेम उसे महान बनाता है। जीवन का उद्देश्य केवल स्वयं के लिए नहीं, समाज के लिए भी होना चाहिए। सच्ची श्रद्धा मन को विनम्र बनाती है। ईश्वर का स्मरण जीवन को पवित्र बनाता है। सदाचार ही मनुष्य का सबसे बड़ा आभूषण है। भक्ति में सरलता और सच्चाई सबसे महत्वपूर्ण है। जो मन से पवित्र है, वही वास्तव में महान है। ईश्वर के मार्ग पर चलने से जीवन में प्रकाश आता है। मनुष्य को अपने कर्मों से समाज में आदर्श बनना चाहिए। परोपकार ही सच्चे धर्म की पहचान है। जो दूसरों का सम्मान करता है, वही सम्मान का अधिकारी होता है। जीवन में नम्रता सबसे बड़ा गुण है। ईश्वर की भक्ति मन को दृढ़ और शांत बनाती है। समाज में प्रेम और सहिष्णुता ही स्थायी शांति ला सकती है। सत्य और भक्ति जीवन के दो आधार हैं। मनुष्य को अपने भीतर के अंधकार को ज्ञान से दूर करना चाहिए। जो दूसरों की भलाई करता है, वही सच्चा भक्त है। ईश्वर की कृपा उसी पर होती है जो विनम्र और दयालु हो। भक्ति मनुष्य को भीतर से बदल देती है। प्रेम, सेवा और भक्ति से ही जीवन सार्थक बनता है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्यप्रदेश



## प्रभु स्मरण : जीवन की हर परिस्थिति का सहारा

जीवन की समस्याएं कई बार पर्वत के समान विशाल दिखाई देती हैं। मनुष्य को लगता है कि अब इस संकट से निकलना असंभव है। लेकिन जब वह पूर्ण समर्पण और विश्वास के साथ प्रभु की शरण ग्रहण करता है, तब वही असंभव प्रतीत होने वाली समस्या बहुत सरल हो जाती है। जिस समस्या को मनुष्य अपने लिए बहुत बड़ी मानता है, वह प्रभु के लिए अत्यंत छोटी और नगण्य होती है। भक्त पर कृपा करने वाले प्रभु शरणागत के कष्टों को दूर करने में कभी विलंब नहीं करते।

मानव जीवन सुख और दुख के उतार-चढ़ाव से भरा हुआ है। कभी जीवन में आनंद और सफलता आती है तो कभी कठिनाइयां और निराशा सामने खड़ी हो जाती हैं। ऐसे समय में मनुष्य अक्सर यह भूल जाता है कि इन परिस्थितियों से ऊपर उठने का सबसे बड़ा सहारा प्रभु का स्मरण है। जब मनुष्य अपने जीवन में ईश्वर को स्थान देता है, तब उसके भीतर धैर्य, विश्वास और साहस का संचार होता है। भारतीय संत परंपरा में एक प्रसिद्ध दोहा है—

**"दुख में सुमिरन सब करे, सुख में करे न कोय।**
**जो सुख में सुमिरन करे, तो दुख काहे होय॥"**

यह दोहा संत कबीर की वाणी से जुड़ा माना जाता है और यह जीवन का गहरा संदेश देता है। सामान्यतः मनुष्य दुख और संकट के समय प्रभु को याद करता है, लेकिन सुख के समय वह अक्सर प्रभु को भूल जाता है। यदि मनुष्य सुख के समय भी उसी श्रद्धा और विश्वास के साथ प्रभु का स्मरण करता रहे, तो उसके जीवन में आने वाले दुख भी उसे अधिक विचलित नहीं कर पाते।

प्रभु स्मरण का अर्थ केवल मंदिर जाकर पूजा करना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है कि जीवन के प्रत्येक क्षण में ईश्वर की उपस्थिति को अनुभव करना। उठते-बैठते, चलते-फिरते, सोते-जागते और अपने सभी कार्यों के बीच मन में प्रभु की स्मृति बनी रहना ही सच्ची भक्ति है। जब मनुष्य इस अभ्यास को अपने जीवन का हिस्सा बना लेता है, तब उसके भीतर एक अद्भुत शांति और स्थिरता उत्पन्न होती है। जीवन में कई बार ऐसी परिस्थितियां आती हैं जब समस्याएं बहुत बड़ी लगने लगती हैं। आर्थिक संकट, पारिवारिक कठिनाइयां, असफलता या मानसिक तनाव—ये सब मनुष्य को निराश कर सकते हैं। लेकिन यदि मन में प्रभु के प्रति अटूट विश्वास हो, तो वही कठिनाइयां धीरे-धीरे हल होने लगती हैं। मनुष्य का विश्वास उसे भीतर से मजबूत बनाता है और उसे हर चुनौती का सामना करने की शक्ति देता है। भारतीय संस्कृति में भगवान श्रीकृष्ण को शरणागत वत्सल कहा गया है, अर्थात जो अपनी शरण में आने वाले भक्तों की रक्षा करते हैं। जब मनुष्य सच्चे हृदय से प्रभु की शरण ग्रहण करता है और अपने जीवन को उनके चरणों में समर्पित कर देता है, तब उसके जीवन के अनेक संकट दूर हो जाते हैं। यह समर्पण केवल शब्दों से नहीं, बल्कि गहरे विश्वास और श्रद्धा से उत्पन्न होता है। ब्रज की परंपरा में गोवर्धन पर्वत की कथा इस विश्वास का सुंदर प्रतीक मानी जाती है।





पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

अपने विचार



यह बेहद परेशान करने वाला है कि जब अमेरिका और इजरायल ईरान की संप्रभुता के खिलाफ खुलेआम आक्रामकता कर रहे हैं, तब ओआईसी एक मूक दर्शक की भूमिका में है। ईरान के सर्वोच्च नेता की शहादत पर इसकी चुप्पी और इसका दोष उल्टा ईरान पर ही मढ़ने की कोशिश न केवल चिंताजनक है, बल्कि बेहद शर्मनाक भी है।
– महबूबा मुफ्ती
नेता, पीडीपी



राज्यसभा की सभी पांच सीटें एनडीए के खाते में जाएंगी। यह मायने नहीं रखता कि उन सीटों पर एनडीए के किस दल से कौन उम्मीदवार खड़ा होंगे।अगर तेजस्वी राज्यसभा चुनाव में उम्मीदवार खड़ा करेंगे तो उनको यहां भी विधानसभा चुनाव की तरह हार झेलनी पड़ेगी।
-चिराग पासवान
केंद्रीय मंत्री



1 मार्च को ईरान ने पुष्टि की कि उसके सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सैयद अली हुसैनी खामेनेई की पिछले दिन अमेरिका और इजरायल के किए गए लक्षित हमलों में हत्या कर दी गई थी. चल रही बातचीत के बीच एक पद पर बैठे राष्ट्राध्यक्ष की हत्या समकालीन अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक गहरा घाव है।
-सोनिया गांधी
पूर्व अध्यक्ष, कांग्रेस



ईरान के सुप्रीम लीडर के प्रतिनिधि भारत में बैठते हैं। उनसे मैंने बात की। उन्होंने कहा कि खामेनेई साहब कहते थे कि हिन्दुस्तान और ईरान की दोस्ती 3000 साल पुरानी है। उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुस्तक डिस्कवरी ऑफ इंडिया को चार बार पढ़ा था। उन्होंने मुझसे कहा था कि यदि भारत को जानना है तो इस पुस्तक को पढ़ो।
-इमरान मसूद
नेता, कांग्रेस

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### पश्चिम रेलवे मुख्यालय में 'सेवा संकल्प प्रस्ताव' का आयोजन



मुंबई। पश्चिम रेलवे ने सोमवार, 02 मार्च 2026 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पारित 'सेवा संकल्प प्रस्ताव' के अनुपालन में अपने मुख्यालय में विशेष आयोजन किया। इस अवसर पर सार्वजनिक सेवा, ईमानदारी, पारदर्शिता तथा आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन में जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराते हुए प्रस्ताव का वाचन और अंगीकरण किया गया। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक प्रदीप कुमार ने मुंबई स्थित पश्चिम रेलवे मुख्यालय में प्रमुख विभागाध्यक्षों (PHoDs) के साथ 'सेवा संकल्प प्रस्ताव' का वाचन किया और अधिकारियों को शपथ दिलाई। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंडल रेल प्रबंधकों एवं मुख्य कारखाना प्रबंधकों को भी जोड़ा गया। बैठक के बाद प्रस्ताव के सिद्धांतों को प्रभावी रूप से लागू करने और क्षेत्रीय स्तर पर ठोस कार्ययोजना तय करने पर विस्तृत चर्चा की गई। इसी प्रकार के कार्यक्रम संबंधित प्रमुख विभागाध्यक्षों, मंडल रेल प्रबंधकों, मुख्य कारखाना प्रबंधकों तथा जगजीवन राम अस्पताल के चिकित्सा निदेशक के नेतृत्व में मंडलों और उत्पादन इकाइयों/कारखानों में भी आयोजित किए गए। सभी कार्यालयों में अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए 'सेवा संकल्प' की शपथ दिलाई गई। इन आयोजनों के दौरान 'सेवा संकल्प' के महत्व और उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए नागरिकों के कल्याण के प्रति समर्पण, नैतिक आचरण तथा उत्तरदायी प्रशासन को प्राथमिकता देने पर विशेष बल दिया गया।

### राज्यस्तरीय सम्मान से नवाज़ी गईं स्वाती होळमुखे



मुंबई। छत्रपति शिवाजी महाराज माध्यमिक विद्यालय धारावी की मुख्याध्यापिका स्वाती प्रमोद होळमुखे को राज्यस्तरीय नवप्रेरणा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उन्हें कैबिनेट मंत्री गणेश नाइक एवम् नवी मुंबई की महापौर सुजाता पाटील के हाथों से प्रदान किया गया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विभिन्न स्तरों से उन्हें बधाइयाँ दी जा रही हैं। उनके कार्यों की सराहना राज्य स्तर पर होने से सभी को गर्व महसूस हो रहा है। समाजसेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को प्रेरणादायी बताया जा रहा है।

# बुधवार से म्हाडा के 118 घरों की ब्रिक्री

### बिना लॉटरी के पूरी की जाएगी यह प्रक्रिया

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

म्हाडा के 118 घरों की बिक्री प्रक्रिया आज बुधवार से शुरू की जा रही है। यह प्रक्रिया बिना लॉटरी के पूरी की जाएगी और पहली बार मुंबई में 'पहले आओ, पहले पाओ' योजना के तहत घर उपलब्ध कराए जाएंगे।



### खाली पड़े मकानों को बेचने की पहल

मुंबई में महंगे मकानों की बिक्री नहीं होने से मध्यम और उच्च वर्ग के कई मकान खाली पड़े हैं। निचले वर्ग के कुछ मकान भी लोकेशन के कारण नहीं बिक पाए हैं। इससे मुंबई म्हाडा बोर्ड का राजस्व अटका हुआ था, जिसके चलते पहली बार 118 मकानों को बिना लॉटरी के बेचने का निर्णय लिया गया है।

### डिपॉजिट राशि तय, नुकसान की चेतावनी

डिपॉजिट राशि मकान की कीमत के अनुसार तय की गई है। 50 लाख रुपये तक के मकानों के लिए 1 लाख रुपये, 50 लाख से 1 करोड़ रुपये तक के लिए 2 लाख रुपये, 1 से 2 करोड़ रुपये तक के लिए 4 लाख रुपये और 2 करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाले मकानों के लिए 6 लाख रुपये जमा करने होंगे। चूंकि यह राशि 1 से 6 लाख रुपये तक हो सकती है, इसलिए आवेदकों को सावधानी से आवेदन करने की सलाह दी गई है।

### 'पहले आओ, पहले पाओ' योजना लागू

इस योजना के तहत इच्छुक आवेदक बुधवार सुबह 11 बजे से जमा राशि के साथ आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के बाद 48 घंटे के भीतर मकान की कीमत का 10 प्रतिशत डिपॉजिट जमा करना अनिवार्य होगा। तय समय में राशि जमा नहीं करने पर संबंधित मकान पर दावा समाप्त हो जाएगा और जमा की गई डिपॉजिट राशि जब्त कर ली जाएगी।

### फरवरी से पंजीकरण, आज से खरीद प्रक्रिया

इस योजना के लिए फरवरी माह में विज्ञापन जारी कर पंजीकरण शुरू किया गया था, जो अब भी जारी रहेगा। पंजीकरण कराने वाले आवेदकों को अपनी पसंद का मकान चुनना होगा और निर्धारित डिपॉजिट राशि जमा करनी होगी। इसके बाद मकान खरीद की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

### अधिकतर मकान एक करोड़ से ऊपर कीमत के

मुंबई बोर्ड ने आवेदकों से अपील की है कि वे सोच-समझकर आवेदन करें और केवल तभी डिपॉजिट दें जब उनके पास 10 प्रतिशत राशि उपलब्ध हो। इस योजना के तहत उपलब्ध अधिकतर मकानों की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक है, ऐसे में अब यह देखना होगा कि इस नई बिक्री प्रक्रिया को बाजार से कैसा प्रतिसाद मिलता है।

# बांद्रा टर्मिनस और आज़मगढ़ के बीच होली सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे ने होली त्योहार के दौरान बढ़ी हुई यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए बांद्रा टर्मिनस और आज़मगढ़ के बीच एक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन विशेष किराये पर चलाई जाएगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि यह विशेष ट्रेन यात्रियों की सुविधा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है।

### बांद्रा टर्मिनस से आज़मगढ़ जाने वाली ट्रेन का समय

ट्रेन संख्या 05184 बांद्रा टर्मिनस–आज़मगढ़ सुपरफास्ट स्पेशल 09 एवं 16 मार्च 2026 को बांद्रा टर्मिनस से सुबह 10:45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन रात 20:10 बजे आज़मगढ़ पहुंचेगी।

### आज़मगढ़ से बांद्रा टर्मिनस के लिए वापसी सेवा

इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 05183 आज़मगढ़–बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल 07 एवं 14 मार्च 2026 को आज़मगढ़ से रात 23:15 बजे रवाना होगी और सोमवार को सुबह 08:10 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी।

### रास्ते में इन प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, सूरत, वडोदरा, रतलाम, नागदा, कोटा, गंगापुर सिटी, बयाना, ईदगाह आगरा, टूंडला, गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज रामबाग, ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी, औंड़िहार, दुल्लहपुर, मऊ और मोहम्मदाबाद स्टेशनों पर रुकेगी।

# सोलापुर डिवीज़न में 'नागरिक देवो भव'

## डीआरएम डॉ. सुजीत मिश्रा ने पढ़ा 'सेवा संकल्प प्रस्ताव'

डीबीडी संवाददाता | सोलापुर

सेंट्रल रेलवे के सोलापुर डिवीज़न ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 'सेवा संकल्प प्रस्ताव' को अपनाने और लागू करने की आधिकारिक घोषणा की है। इस ऐतिहासिक प्रस्ताव पर विचार-विमर्श के लिए 2 मार्च 2026 को एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें डिवीज़नल रेलवे मैनेजर (DRM) डॉ. सुजीत मिश्रा ने प्रस्ताव का वाचन किया और इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 24 फरवरी 2026 को 'सेवा तीर्थ' में हुई केंद्रीय कैबिनेट की पहली मीटिंग के फैसलों का हिस्सा है। रेल मंत्रालय चाहता है कि रेलवे का हर कर्मचारी और अधिकारी इस प्रस्ताव के सिद्धांतों को केवल कागजों पर न रखे, बल्कि अपनी रोजमर्रा की ड्यूटी का हिस्सा बनाए।





### मुंबई में पहले हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

इससे पहले सेंट्रल रेलवे के जनरल मैनेजर ने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई में प्रिंसिपल हेड्स ऑफ डिपार्टमेंट्स (PHODs) के साथ बैठक कर प्रस्ताव के व्यावहारिक क्रियान्वयन के तरीकों और दिशा-निर्देशों पर मंथन किया था। बैठक में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के जरिए स्टाफ वेलफेयर, डिजिटल पहल के माध्यम से पारदर्शिता, आधुनिक तकनीक को अपनाना और सिटीजन-सेंट्रिक सर्विस डिलीवरी जैसे मुद्दों पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने इसे डिवीज़न के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया।

### 'सेवा संकल्प प्रस्ताव' की मूल भावना

यह प्रस्ताव संवैधानिक मूल्यों, पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसेवा की भावना के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराता है। इसमें "नागरिक देवो भव" की भावना के तहत सशक्तिकरण पर जोर देते हुए 1.4 अरब नागरिकों की भलाई को प्राथमिकता देने की बात कही गई है, साथ ही नीति निर्माण में पारदर्शिता और संवेदनशीलता को आवश्यक बताया गया है।

# भुसावल मंडल में 'सेवा संकल्प प्रस्ताव' पर पहली बैठक

डीबीडी संवाददाता | भुसावल

सेंट्रल रेलवे के भुसावल मंडल में 2 मार्च 2026 को 'सेवा संकल्प प्रस्ताव' के तहत पहली बैठक मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक पुनीत अग्रवाल ने की, जिसमें मंडल के सभी वरिष्ठ शाखा अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान 'सेवा संकल्प प्रस्ताव' के उद्देश्यों, कार्ययोजना और प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। मंडल रेल प्रबंधक ने यात्री सुविधाओं में सुधार, कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण और जन-शिकायतों के त्वरित समाधान को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

### सुरक्षित रेल संचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता



अधिकारियों को सुरक्षित रेल संचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। इसके अंतर्गत सुरक्षा नियमों, सिग्नलिंग प्रणाली, इंजीनियरिंग मानकों और परिचालन प्रोटोकॉल के कड़ाई से अनुपालन को अनिवार्य बताया गया, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और भरोसेमंद सेवाएं मिल सकें। मंडल रेल प्रबंधक ने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, कार्यों की नियमित समीक्षा करने और निर्धारित समयसीमा में लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा, स्वच्छता और सेवा गुणवत्ता को और मजबूत करने हेतु ठोस कदम उठाने पर विशेष बल दिया गया।

### राष्ट्रीय निर्णयों के अनुरूप आयोजन

यह बैठक मंत्रिमंडल सचिवालय के निर्देशों के अनुपालन में तथा 24 फरवरी 2026 को 'सेवा तीर्थ' में हुई पहली मंत्रिमंडल बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में लिए गए निर्णयों के अनुरूप आयोजित की गई। इसके तहत रेल मंत्रालय ने सभी स्तरों पर अधिकारियों की बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

**308 फेरे, 27 लाख यात्री और ड्रोन से निगरानी**

# पश्चिम रेलवे की 'हैप्पी होली' वाली तैयारी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे ने होली त्योहार के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ को संभालने के लिए व्यापक व्यवस्थाएँ की हैं। सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से यात्रियों के लिए सुगम, सुरक्षित और निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### 27 लाख से अधिक यात्रियों को मिली सुविधा

27 फरवरी से 2 मार्च 2026 की अवधि में पश्चिम रेलवे ने 27 लाख से अधिक यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुँचाया। गोरखपुर, बनारस, दानापुर, समस्तीपुर, दरभंगा, भगत की कोठी (जोधपुर), हरिद्वार, रक्सौल, हजरत निजामुद्दीन और दिल्ली जैसे प्रमुख स्टेशनों के लिए अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन किया गया।

### 308 फेरों वाली स्पेशल ट्रेनों की घोषणा

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, फरवरी के अंतिम सप्ताह से मार्च 2026 तक 308 फेरों वाली स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। 21 फरवरी से 2 मार्च 2026 के बीच 266 स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं, जिनसे उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों की ओर जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिली।

### होल्डिंग एरिया और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत

महत्वपूर्ण स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाए गए, जहाँ पेयजल और बैठने जैसी मूलभूत सुविधाएँ दी गईं। यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेलवे सुरक्षा बल (RPF) और टिकट जांच स्टाफ की पर्याप्त तैनाती की गई। संवेदनशील स्टेशनों पर ड्रोन कैमरा और सीसीटीवी से रीयल-टाइम निगरानी की गई।पश्चिम रेलवे ने कहा है कि पूरे नेटवर्क पर यात्री आवागमन की लगातार निगरानी की जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन सेवाएँ तथा संसाधनों की तैनाती की जाएगी। उद्देश्य यही है कि होली त्योहार के दौरान यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराई जा सके।

### स्टेशनों पर प्रभावी भीड़ प्रबंधन उपाय

भीड़ नियंत्रण के लिए स्टेशनों पर नियमित घोषणाएँ, इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से ट्रेन जानकारी, तथा यात्रियों को मार्गदर्शन देने के लिए अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की गई। एटीवीएम और रेलवन ऐप से टिकट खरीद को बढ़ावा दिया गया तथा मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

# मध्य रेल की 'मोबाइल टिकटिंग' का जलवा

## सीएसएमटी पर मोबाइल सहायकों ने 4 महीने में बेचे 2.70 लाख टिकट

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल ने यात्रियों को त्वरित और सुविधाजनक टिकट बुकिंग सुविधा देने की दिशा में एक और अहम पहल की है। मोबाइल UTS सहायकों की शुरुआत के बाद टिकटिंग व्यवस्था अधिक सरल और तेज हुई है। 31 अक्टूबर 2025 को मुंबई मंडल के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CSMT) पर शुरू किए गए मोबाइल UTS सहायकों ने 31 अक्टूबर 2025 से 28 फरवरी 2026 के बीच 1.89 लाख टिकटों की बिक्री कर 3.54 करोड़ रुपये की आय अर्जित की। इस अवधि में ऑन-द-स्पॉट टिकट बुकिंग प्रणाली के जरिए 2.70 लाख यात्रियों की यात्रा सुनिश्चित की गई।

### फरवरी माह में रिकॉर्ड प्रदर्शन

फरवरी 2026 मोबाइल UTS सहायकों के लिए सबसे सफल माह रहा। इस दौरान 53,033 टिकटों की बुकिंग हुई, 72,783 यात्रियों को सेवा दी गई और 1.08 करोड़ रुपये की आय दर्ज की गई। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि यह पहल लगातार लोकप्रिय हो रही है और टिकट बिक्री, यात्रियों की संख्या तथा आय में निरंतर वृद्धि हो रही है।

### मासिक आंकड़ों में निरंतर बढ़ोतरी

नवंबर 2025 में 37,285 टिकटों से 67.72 लाख रुपये, दिसंबर 2025 में 49,167 टिकटों से 80.56 लाख रुपये और जनवरी 2026 में 50,306 टिकटों से 97.18 लाख रुपये की आय हुई। कुल मिलाकर चार महीनों में 1,89,791 टिकटों की बिक्री और 2,69,998 यात्रियों की सेवा के साथ 3,54,34,575 रुपये का राजस्व अर्जित किया गया।

### कैसे काम करते हैं मोबाइल UTS सहायक?

वर्तमान में CSMT पर तीन मोबाइल UTS सहायक कार्यरत हैं, जिन्हें मोबाइल फोन और पोर्टेबल टिकट प्रिंटर उपलब्ध कराया गया है। ये सहायक कॉन्कोर्स, प्रतीक्षालय और स्टेशन परिसर में यात्रियों के पास जाकर मौके पर टिकट जारी करते हैं। इसके अलावा, उन्हें काउंटर के भीतर बैठकर भी टिकट जारी करने की अनुमति है। यात्री डिजिटल और नकद, दोनों माध्यमों से भुगतान कर सकते हैं। CSMT के अलावा यह सुविधा नई दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु और चेन्नई रेलवे स्टेशनों पर भी शुरू की गई है। मध्य रेल का कहना है कि यह पहल विशेष रूप से त्योहारों के दौरान टिकटिंग को आसान बनाती है और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करती है।




# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** मानसिक शांति के लिए किए गए प्रयास सफल रहेंगे। कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी धार्मिक यात्रा की योजना बनेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

**वृष** वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में लापरवाही न करें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यापार ठीक चलेगा।

**मिथुन** कार्यक्षेत्र के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। बिगड़े काम बन सकते हैं। समाजसेवा करने का मन बनेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। व्यस्तता रहेगी। आराम का समय नहीं मिलेगा। थकान रहेगी।

**कर्क** व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**सिंह** समाजसेवा करने की प्रेरणा प्राप्त होगी। मान-सम्मान मिलेगा। खोई हुई वस्तु मिलने के योग हैं। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें।

**कन्या** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कारोबार अच्छा चलेगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। किसी आनंदोत्सव में भाग ले सकते हैं। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी।

**तुला** किसी तरह से बड़ा लाभ होने की संभावना है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। किसी तरह के विवाद में विजय प्राप्त होगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में नया कार्य मिल सकता है।

**वृश्चिक** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। थकान व कमजोरी रह सकती है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। दूसरों से अधिक अपेक्षा न करें। बेवजह चिड़चिड़ापन रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कार्य में मन नहीं लगेगा।

**धनु** भावना में बहकर महत्वपूर्ण निर्णय न लें। नौकरी में कार्यभार रहेगा। लाभ होगा। स्वास्थ्य के संबंध में लापरवाही न करें। स्वास्थ्य पर व्यय होगा। दु:खद समाचार मिल सकता है। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुसंगति से हानि होगी।

**मकर** मनपसंद व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। धन प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। प्रमाद न करें।

**कुंभ** घर, दुकान, फैक्टरी व शोरूम इत्यादि के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। कारोबार में बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। रुके काम बनेंगे। घर-बाहर उत्साह व प्रसन्नता से काम कर पाएंगे।

**मीन** प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में मातहत साथ देंगे।

# दरवेश केतु: वैराग्य की अग्नि और मोक्ष का रहस्यमय पथ

ज्योतिष की गूढ़ परंपराओं में केतु को केवल एक छाया ग्रह नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक संकेतक माना गया है। लाल किताब की व्याख्या में केतु को 'दरवेश' कहा गया है—ऐसा फकीर जो संसार में रहते हुए भी संसार से परे है। उसका संबंध इस लोक से कम और परलोक से अधिक माना गया है। वह भौतिक उपलब्धियों की चमक से प्रभावित नहीं होता, बल्कि आत्मा की यात्रा, कर्मों के परिशोधन और अंततः मोक्ष की दिशा में प्रेरित करता है। केतु भवसागर से मुक्ति, निर्वाण और आंतरिक जागरण का प्रतीक है। यह जीवन की उस यात्रा का सहयात्री है, जो व्यक्ति को बाहरी उपलब्धियों से हटाकर भीतर की सच्चाई तक ले जाती है।




प्रियंका जैन
97699 94439

केतु को दया, त्याग और तप का ग्रह कहा गया है। यह यात्राओं का कारक है—केवल भौतिक यात्राओं का नहीं, बल्कि चेतना की यात्रा का। जब जीवन में अचानक हानि, विघ्न या मोहभंग होता है, तब ज्योतिषी अक्सर उसे केतु के प्रभाव से जोड़ते हैं। किंतु यही हानि व्यक्ति को गहरी समझ और वैराग्य भी दे सकती है। केतु व्यक्ति को भौतिकता के मोह से झटका देकर आध्यात्मिकता की ओर मोड़ देता है। इसीलिए इसे हानिकारक और लाभकारी दोनों माना गया है—यह दुख देकर भी कल्याण कर सकता है।

लाल किताब में केतु का प्रतीक कुत्ता बताया गया है, विशेषकर काले और सफेद रंग का कुत्ता। सफेद दिन का प्रतीक है और काला रात का। इस प्रकार केतु को दिवा-रात्रि दोनों का बल प्राप्त है। अन्य ग्रह या तो दिन में अधिक प्रभावी माने जाते हैं या रात में, पर केतु दोनों अवस्थाओं में सक्रिय रहता है। कुत्ता रक्षक भी हो सकता है और आक्रामक भी। यदि समझदारी और अनुशासन में हो तो घर की रक्षा करता है, पर यदि भटक जाए तो नुकसान भी पहुंचा सकता है। यही द्वैत केतु के स्वभाव में भी दिखाई देता है। यह व्यक्ति को उच्च आध्यात्मिक शिखर पर पहुंचा सकता है, तो असंतुलन की स्थिति में भ्रम और मानसिक विक्षोभ भी दे सकता है।

केतु को अग्नि तत्व का प्रतिनिधि माना गया है। यह भीतर की उस अग्नि का प्रतीक है जो अहंकार, आसक्ति और अज्ञान को जलाकर शुद्धि करती है। कुछ ज्योतिषी इसे तटस्थ ग्रह मानते हैं, तो कुछ नर ग्रह। पर स्वभाव में यह मंगल की तरह तीक्ष्ण और क्रूर प्रभाव वाला माना जाता है। यह तीन नक्षत्रों—अश्विनी, मघा और मूल—का स्वामी है। इन नक्षत्रों से प्रभावित जातक अक्सर जीवन में असाधारण ऊंचाइयों को छूते हैं, विशेषकर आध्यात्मिक क्षेत्र में। केतु तर्क, अंतर्दृष्टि, मर्मज्ञता और गूढ़ ज्ञान देता है। साथ ही यह व्यक्ति को परंपराओं से अलग सोचने का साहस भी देता है।

ग्रहों के साथ इसके संयोगों को अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। बृहस्पति के साथ होने पर केतु पारंपरिक सात्विकता को चुनौती दे सकता है, किंतु शुभ स्थिति में गूढ़ ज्ञान और ज्योतिष में रुचि भी देता है। शनि के साथ इसका मेल कठिन मानसिक स्थितियां उत्पन्न कर सकता है, पर यदि गुरु की दृष्टि हो तो वही संयोजन तपस्वी योगी का निर्माण करता है। चंद्र-केतु का संबंध मन की गहराइयों से जुड़ा है। यह संयोजन व्यक्ति को विश्लेषक, रणनीतिकार या वकील बना सकता है—ऐसा व्यक्ति जो विचारों के टुकड़ों को जोड़कर नया दृष्टिकोण तैयार करे। किंतु संतुलन न हो तो मानसिक अस्थिरता भी दे सकता है।

मंगल-केतु का योग अत्यधिक ऊर्जा और साहस देता है।

### उत्तर प्रदेश में नौ वर्षों में 242 करोड़ से अधिक पौधरोपण


# इस बार पैंतीस करोड़

**एजेंसी | लखनऊ**

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को 'हरित प्रदेश' के रूप में विकसित करने के लिए व्यापक स्तर पर पौधरोपण अभियान संचालित किए जा रहे हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2017 के बाद से अब तक प्रदेश में 242 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं, जिससे राज्य के वनाच्छादन क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। सरकार का दावा है कि पर्यावरण संरक्षण को जनांदोलन का रूप देकर ही दीर्घकालिक हरित विकास का लक्ष्य हासिल किया जा सकेगा।

#### 559.19 वर्ग किमी बढ़ा वन क्षेत्र

भारतीय वन सर्वेक्षण की 'भारतीय वन स्थिति रिपोर्ट-2023' के मुताबिक उत्तर प्रदेश में वनाच्छादन क्षेत्रफल में 559.19 वर्ग किलोमीटर की बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2025 में 9 जुलाई को आयोजित विशेष अभियान के तहत एक ही दिन में 37.21 करोड़ पौधरोपण का रिकॉर्ड दर्ज किया गया था। आगामी वर्षाकाल 2026 के लिए 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य प्रस्तावित किया गया है।



#### सुजाबाद-डोमरी में बना रिकार्ड

हाल ही में वाराणसी के सुजाबाद-डोमरी क्षेत्र में आयोजित वृहद पौधरोपण कार्यक्रम में एक घंटे के भीतर 2,51,446 पौधे रोपे गए। इस उपलब्धि की पुष्टि गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि ऋषिनाथ ने की और प्रमाणपत्र नगर प्रशासन को सौंपा। यह आयोजन 350 बीघा क्षेत्र में विकसित किए जा रहे शहरी वन परियोजना के अंतर्गत हुआ। इसे ध्यान में रखते हुए हालिया बजट में सामाजिक वानिकी योजना के लिए 800 करोड़ रुपये, पौधशाला प्रबंधन योजना हेतु 220 करोड़ रुपये तथा राज्य प्रतिकारात्मक वन रोपण योजना के लिए 189 करोड़ रुपये की वित्तीय व्यवस्था प्रस्तावित की गई है।

#### 15000 गांवों में ग्रीन चौपाल

राज्य सरकार के अनुसार पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने के लिए 'ग्रीन चौपाल' पहल शुरू की गई है। अब तक 15,000 से अधिक ग्रामसभाओं में ग्रीन चौपाल का गठन अथवा आयोजन किया जा चुका है। इन बैठकों की अध्यक्षता ग्राम प्रधान करते हैं और विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि इसमें सहभागिता निभाते हैं। प्रत्येक माह कम से कम एक बैठक आयोजित करने का प्रावधान रखा गया है।

#### 2030 तक हरित आवरण का लक्ष्य

वर्ष 2030 तक प्रदेश का हरित आवरण 15 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# इलाज के लिए न करें धन की चिंता: योगी आदित्यनाथ

- गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सरकार करेगी भरपूर मदद



**एजेंसी | गोरखपुर**

योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि गंभीर बीमारियों से जूझ रहे जरूरतमंद नागरिक बिना चिंता के बेहतर अस्पतालों में उपचार कराएं, राज्य सरकार उनकी आर्थिक सहायता सुनिश्चित करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इलाज के अभाव में किसी भी व्यक्ति को आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में लगभग 150 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने उपस्थित नागरिकों के बीच जाकर एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

#### इस्टीमेट बनाकर शासन को भेजें

आर्थिक सहायता के मामलों पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन मरीजों को उपचार हेतु वित्तीय सहयोग की आवश्यकता है, उनके चिकित्सीय इस्टीमेट की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर शासन को प्रेषित की जाए। पात्र व्यक्तियों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का निस्तारण संवेदनशीलता, प्राथमिकता और गुणवत्ता के साथ किया जाए, ताकि फरियादियों को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े।

#### आयुष्मान कार्ड न होने पर भी इलाज

जनता दर्शन के दौरान कई लोग गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की मांग लेकर पहुंचे। एक व्यक्ति ने किडनी रोग के उपचार में धनाभाव की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने आयुष्मान कार्ड की जानकारी ली और कार्ड न होने की स्थिति में भी उपचार के लिए पर्याप्त सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में कुछ नागरिक अपने बच्चों के साथ भी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति गंभीर रहने की प्रेरणा दी।

# CDO दफ्तर के पास मिला बम, सेना ने किया डिफ्यूज

- नेपाल से सटा हुआ है विराटनगर शहर

**एजेंसी | अररिया**

नेपाल में 5 मार्च को प्रस्तावित प्रतिनिधि सभा चुनाव से पूर्व सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। इसी बीच भारत-नेपाल सीमा से सटे विराटनगर शहर में चीफ डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर (सीडीओ) कार्यालय के निकट मंगलवार सुबह एक संदिग्ध बम मिलने से सुरक्षा तंत्र में हड़कंप मच गया। घटना विराटनगर में सीडीओ कार्यालय के समीप की है, जो जोगबनी सीमा से सटा इलाका है। काले रंग के बैग में सड़क किनारे पैदल पथ पर रखी संदिग्ध वस्तु की सूचना मिलते ही नेपाल पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी तथा नेपाल सेना की टीम मौके पर पहुंची। एहतियातन आसपास के क्षेत्र को खाली कराया गया। बाद में सेना की बम निरोधक इकाई ने जांच के बाद विस्फोटक को सुरक्षित रूप से डिफ्यूज कर दिया।



#### खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज

अधिकारियों ने बताया कि समय रहते कार्रवाई किए जाने से किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई। घटना की जांच शुरू कर दी गई है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नेपाल में हाल में राजनीतिक परिवर्तन के बाद अंतरिम सरकार का गठन हुआ है और चुनाव प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। चुनाव को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है तथा चुनाव से 72 घंटे पूर्व भारत-नेपाल सीमा को अस्थायी रूप से सील किया गया है।

## होली पर जबरन न लगाएं रंग: डीजीपी



**एजेंसी | लखनऊ**

डीजीपी राजीव कृष्ण ने प्रदेशवासियों और पुलिस परिवार को होली की शुभकामनाएं देते हुए त्योहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की है। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि होली उत्साह और सामाजिक समरसता का पर्व है, इसलिए इसे सुरक्षा और मर्यादा के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि केवल सुरक्षित और प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें तथा किसी भी व्यक्ति की इच्छा के विरुद्ध रंग न लगाएं।

# यमुना एक्सप्रेस-वे: कार सवार छह लोगों की मौत

- गोरखपुर जा रही डबल डेकर बस ने पीछे से मारी टक्कर
- दिल्ली से राजस्थान जा रहा था कार सवार परिवार

**एजेंसी | हाथरस**

यमुना एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार तड़के एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में छह लोगों की जान चली गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए। हादसा हाथरस जनपद क्षेत्र में माइलस्टोन 141 के पास सुबह लगभग चार बजे हुआ, जब दिल्ली से गोरखपुर की ओर जा रही एक निजी डबल डेकर बस ने आगे चल रही इको कार को पीछे से टक्कर मार दी।



पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार सभी लोग दिल्ली से राजस्थान के राजाखेड़ा, धौलपुर जा रहे थे। मृतकों की पहचान दिनेश, उनकी पत्नी सुनीता, विजय तथा उनकी पत्नी पिंकी बघेल के रूप में हुई है। दो अन्य मृतकों की शिनाख्त अब तक नहीं हो सकी है। सभी मृतक राजस्थान के गंगोली (राजाखेड़ा) के निवासी बताए जा रहे हैं।

#### तेज रफ्तार के कारण हुआ हादसा

दुर्घटना में कार चालक वीरेंद्र समेत मनोज, आर्यन, अंशु, विजय के पुत्र लक्ष्य, पुत्री प्राची और उनकी साली पूनम बघेल घायल हुए हैं। घायलों को खंदौली थाना क्षेत्र के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिए हैं। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार और संभावित लापरवाही माना जा रहा है। बस चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## व्यापार जगत

# UP: फरवरी में इकट्ठा हुआ 9,731 करोड़ टैक्स

- बीते साल की समान अवधि की तुलना में 352 करोड़ अधिक
- चालू वित्तीय वर्ष में जमा हुए 1.03 लाख करोड़ रुपये

**एजेंसी | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में राज्य कर विभाग ने फरवरी माह में 9,731 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह दर्ज किया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 352 करोड़ रुपये अधिक है। चालू वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 1,03,779 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है।

#### संवाद में जुटे 10000 व्यापारी

प्रदेश के सभी 75 जिलों में व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 10 हजार से अधिक व्यापारियों ने भाग लिया। इन बैठकों में जीएसटी सुधार, रिटर्न फाइलिंग और ई-प्रणालियों के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यालय एवं जोन स्तर पर भी व्यापारिक संगठनों के साथ समन्वय बैठकें कर समस्याओं के समाधान का प्रयास किया गया।

#### 48 हजार करोड़ के डेटा का विश्लेषण

विभाग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित रिटर्न स्क्रूटनी प्रणाली लागू कर 1.59 लाख करदाताओं से जुड़े 48 हजार करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन डेटा का विश्लेषण किया। संदिग्ध मामलों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई की गई। फर्जी फर्मों के विरुद्ध अभियान के दौरान 2,166 करोड़ रुपये की कथित फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) अनियमितता का खुलासा हुआ। सरकारी आंकड़ों के अनुसार कर प्रणाली के सरलीकरण, जीएसटी दरों के युक्तिकरण तथा तकनीक आधारित प्रक्रियाओं के विस्तार से राजस्व संग्रह में बढ़ोतरी हुई है।



#### 345 एफआईआर, 86 आरोपी गिरफ्तार


इस संबंध में 345 एफआईआर दर्ज की गईं और 86 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। 137 करोड़ रुपये की आईटीसी को अवरुद्ध किया गया है, जबकि 1,642 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जमा कराई गई। सरकार का कहना है कि पारदर्शिता, तकनीकी नवाचार, प्रवर्तन और संवाद आधारित नीति के संयोजन से कर प्रशासन की कार्यक्षमता में सुधार हुआ है। बकाया वसूली के तहत जीएसटी से 2,406 करोड़ रुपये और वैट से 711 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जो कुल 3,117 करोड़ रुपये है।

# ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज पर 4.24 करोड़ रुपये का दंड

- कर विभाग ने 6.37 करोड़ रुपये जमा करने को जारी की नोटिस

**एजेंसी | नई दिल्ली**

ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित कथित अनियमितता के मामले में 4.24 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। कर विभाग ने कंपनी को कुल 6.37 करोड़ रुपये की मांग का नोटिस जारी किया है, जिसमें कर, दंड और अन्य देयताएं शामिल हैं। कंपनी द्वारा शेयर बाजार को दी गई सूचना के अनुसार यह आदेश केंद्रीय माल एवं सेवा कर आयुक्तालय, ठाणे की ओर से जारी किया गया है।



#### अपील करने की तैयारी में ब्रिटानिया

जीएसटी अधिनियम की धारा 74 के तहत जारी आदेश में कंपनी से 2.12 करोड़ रुपये कर के रूप में तथा 4.24 करोड़ रुपये दंड के रूप में जमा कराने को कहा गया है। इसके अतिरिक्त देय राशि पर ब्याज भी लागू होगा। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने अपने वक्तव्य में कहा है कि आदेश का उसके परिचालन या वित्तीय स्थिति पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ेगा। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह उपलब्ध कानूनी विकल्पों की समीक्षा कर रही है और आवश्यक होने पर आदेश के विरुद्ध अपील दायर करेगी।

# कच्चे तेल व गैस कीआपूर्ति सुरक्षित: हरदीप सिंह पुरी

- पश्चिम एशिया की स्थिति पर केंद्र की प्रतिक्रिया

**एजेंसी | नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच केंद्र सरकार ने देश में ऊर्जा आपूर्ति को लेकर आश्वस्त किया है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि मौजूदा परिस्थितियों का भारत की कच्चे तेल और गैस आपूर्ति पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

#### पर्याप्त भंडार और वैकल्पिक स्रोत

मीडिया से बातचीत में मंत्री ने बताया कि देश के पास क्रूड ऑयल, पेट्रोल, डीजल और एटीएफ (एविएशन टरबाइन फ्यूल) सहित प्रमुख पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त रणनीतिक और वाणिज्यिक भंडार उपलब्ध है। यह भंडारण क्षमता मध्य पूर्व क्षेत्र से संभावित अल्पकालिक व्यवधानों से निपटने के लिए पर्याप्त मानी जा रही है।



मंत्री ने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर पेट्रोलियम उत्पादों का तीसरा सबसे बड़ा आयातक, चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर और पांचवां सबसे बड़ा निर्यातक देश है।

## पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी | देहरादून**

देहरादून स्थित पासपोर्ट कार्यालय को ई-मेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सघन सर्च अभियान चलाया। पुलिस के अनुसार सोमवार को अज्ञात व्यक्ति द्वारा ई-मेल भेजकर पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) देहरादून के निर्देश पर उच्चाधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और सर्च अभियान की कमान संभाली।

# पश्चिम एशिया के सैन्य तनाव से भारत अछूता नहीः बीएमआई

**एजेंसी | नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में तेज़ी से बदलते भू-राजनीतिक घटनाक्रम का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने की आशंका जताई गई है। फिच समूह की इकाई BMI ने अपनी ताज़ा 'इंडिया आउटलुक' रिपोर्ट में चेताया है कि क्षेत्रीय सैन्य टकराव लंबा खिंचने पर भारत की आर्थिक वृद्धि, निवेश प्रवाह और ऊर्जा लागत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

#### नीतिगत अनिश्चितता और निवेश पर असर

रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 7 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। हालांकि एजेंसी ने कहा है कि अमेरिका, इज़राइल और ईरान से जुड़े सैन्य घटनाक्रमों के कारण वैश्विक नीतिगत अनिश्चितता बढ़ सकती है। इससे निवेशकों का भरोसा प्रभावित होने और पूंजी प्रवाह में सुस्ती आने की आशंका है, जिसका प्रभाव भारत सहित उभरती अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ सकता है।



#### ऊर्जा आपूर्ति और हॉर्मुज जलडमरूमध्य

रिपोर्ट में विशेष रूप से हॉर्मुज जलडमरूमध्य का उल्लेख किया गया है, जो वैश्विक कच्चे तेल आपूर्ति का प्रमुख मार्ग है। यदि इस मार्ग से तेल आपूर्ति बाधित होती है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तीव्र वृद्धि संभव है। बीएमआई का आकलन है कि ऐसी स्थिति में भारत की विकास दर में लगभग 0.50 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है।

# दक्षिण अफ्रीका की निगाह लगातार दूसरे फाइनल पर

**ईडन गार्डंस में आज न्यूजीलैंड से होगा सामना**

**आमने-सामने**

**कुल मैच :** 19
**न्यूजीलैंड जीता :** 7
**दक्षिण अफ्रीका जीता :** 12

**एजेंसी । कोलकाता**

दक्षिण अफ्रीकी टीम बुधवार को जब टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगी तो लक्ष्य लगातार दूसरी बार अजेय रहते हुए खिताबी मुकाबले में पहुंचने का होगा। दक्षिण अफ्रीकी टीम बेखौफ क्रिकेट खेल रही है। वह एकमात्र टीम है जिसने अभी तक कोई मुकाबला नहीं गंवाया है। वहीं न्यूजीलैंड की निगाह पांच साल बाद फाइनल का टिकट कटाने का होगा। हालांकि न्यूजीलैंड के लिए यह आसान नहीं होगा। उसके बल्लेबाज रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। साथ विश्व कप में न्यूजीलैंड की टीम कभी दक्षिण अफ्रीका से जीत नहीं पाई है। रंगों के त्योहार होली पर ईडन गार्डंस में खूब रन बरसेंगे।

**नंबर गेम**

- 1 बार न्यूजीलैंड की टीम 2021 में फाइनल में पहुंची थी तब उसे ऑस्ट्रेलिया से आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था
- 7 विकेट से पराजित किया था दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को फरवरी में खेले गए पिछले मुकाबले में
- 12 साल बाद दोनों विश्व कप में टकराएंगे। वर्ष 2014 में खेले गए पिछले मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को दो रन से हराया था



**चौके-छक्कों की बरसात**

मुकाबले के रोमांचक होने की पूरी गारंटी है जिसमें दोनों टीमों के कप्तानों की भूमिका अहम होगी। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान मार्करम और न्यूजीलैंड के सेंटनर इस समय शानदार फॉर्म में हैं। ऐसे में मार्करम और सेंटनर के बीच मुकाबला दिलचस्प हो। दक्षिण अफ्रीका अब शुकरी कॉनराड के मार्गदर्शन में खतरनाक टीम बन गई है, जिसने पिछले साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतकर अपने दृढ़ संकल्प का परिचय दिया था। साथ चोकर के धब्बे का दाग मिटाने का भी काम किया। टीम ने हालांकि अभी तक सीमित ओवरों की कोई ट्रॉफी नहीं जीती है। मार्करम, डिकॉक, ब्रेविस, रिकेल्टन, स्टब्स, मिलर और यानसेन जैसे दमदार बल्लेबाजों से सजी दक्षिण अफ्रीका की टीम किसी भी विरोधी टीम की नींद उड़ा सकती है। लेकिन सेंटनर के पास रचिन, फिलिप्स और कोल जैसे स्पिनर होंगे जिन्होंने अभी तक मिलकर अच्छा प्रदर्शन किया है। अगर भारत को छोड़ दिया जाए तो दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली बार इतने अच्छे स्पिन आक्रमण का सामना करेगी। न्यूजीलैंड के पास दक्षिण अफ्रीका को चुनौती देने के लिए एक अच्छे लेग स्पिनर की कमी है क्योंकि ईश सोढ़ी ने अब तक खेले गए मैचों में कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया है।

**इन पर रहेगी निगाह**

मार्करम मार्करम का बल्ला खूब बोल रहा है। वह टूर्नामेंट में तीन अर्धशतकों से 175.16 की स्ट्राइक रेट से 268 रन बना चुके हैं। वह सर्वाधिक रन बनाने में तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने पावरप्ले में गेंदबाजों को अच्छी तरह से निशाना बनाया है। लंबे-लंबे छक्के जड़ने में माहिर बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन ने कप्तान का अच्छे से साथ दिया है। वह 171.42 की स्ट्राइक रेट से 228 रन बना चुके हैं। इसमें 15 छक्के हैं। वह विश्व कप में 20 छक्के जड़ने वाले पहले खिलाड़ी बन सकते हैं। तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी अपनी स्विंग से प्रतिद्वंद्वी बल्लेबाजों को खूब तंग कर रहे हैं। उन्होंने 13.75 और 6.87 की इकोनॉमी से 12 विकेट चटकाए हैं। उन्हें युवा पेसर बॉश (11) का भी अच्छा साथ मिल रहा है।

## मंधाना बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर-1

**हरमनप्रीत भी शीर्ष 10 में**



**एजेंसी । दुबई**

भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल में संपन्न तीन मैच की सीरीज में उम्दा प्रदर्शन से आईसीसी महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में 58 और 31 रन की पारियां खेलने वाली स्मृति के मंगलवार को जारी सूची में 790 अंक हैं।

**वोल्वार्ट को पछाड़ा**

मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोल्वार्ट को पछाड़ा जिनके 782 अंक हैं। वोल्वार्ट के पास मार्च-अप्रैल में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के दौरान फिर शीर्ष स्थान हासिल करने का मौका होगा। अपने अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में शतक जड़ने वाली एलिसा हीली ने 744 अंक के साथ रैंकिंग में चौथे स्थान पर रहते हुए अलविदा कहा। बेथ मूनी तीसरे जबकि एश्ले गार्डनर (724) पांचवें स्थान पर रहीं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर नौवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहीं। उन्होंने 53, 54 और 25 रन की पारियां खेलीं। सीरीज में हरमनप्रीत (652) को चार स्थान का फायदा हुआ है। जेमिमा रोड्रिग्स 12वें स्थान पर हैं।

**दीप्ति शीर्ष 10 में अकेली भारतीय**

गेंदबाजी सूची में दीप्ति शर्मा 10वें स्थान के साथ शीर्ष 10 में एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं। एलेना किंग (775) सूची में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। उन्होंने लगभग चार साल शीर्ष पर रहीं सोफी एक्लेस्टोन को पछाड़ा। गार्डनर तीसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया की एलेना एकदिवसीय सीरीज में 16.71 की औसत से सात विकेट चटकाकर शीर्ष गेंदबाज रहीं। उन्होंने तीसरे और अंतिम मैच में चार विकेट झटके। एलेना ने साथ ही करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग अंक भी हासिल किए। एलेना के अलावा ऑस्ट्रेलिया की तीन अन्य गेंदबाज गार्डनर (तीसरे), एनाबेल सदरलैंड (पांचवें) और किम गार्थ (आठवें) भी शीर्ष आठ में हैं। एकदिवसीय ऑलराउंडर की सूची में गार्डनर (516) शीर्ष पर बरकरार हैं। उन्होंने दूसरे स्थान पर मौजूद वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज (418) पर 98 अंक की बढ़त बना रखी है। सदरलैंड (534) 23 स्थान की छलांग से 34वें स्थान पर पहुंच गई है। दीप्ति भी पांचवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में हैं।

**न्यूज़ ब्रीफ**

**गाफानी और पालेकर दूसरे सेमीफाइनल में करेंगे अंपायरिंग**

दुबई। न्यूजीलैंड के क्रिस गाफानी और दक्षिण अफ्रीका के अलाहुद्दीन पालेकर भारत और इंग्लैंड के बीच गुरुवार को मुंबई में होने वाले टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में मैदानी अंपायर होंगे। जिम्बाब्वे के एंडी पायक्राफ्ट मैच रेफरी रहेंगे। आईसीसी ने मैच अधिकारियों का ऐलान कोलकाता और मुंबई में नॉकआउट मैचों से पहले कर दिया था। गाफानी 2024 में भारत और इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल में भी अंपायर थे। उन्होंने इस टूर्नामेंट में इंग्लैंड के दो मैचों और भारत के नीदरलैंड्स के खिलाफ मैच में अंपायरिंग की है। मुंबई में सेमीफाइनल में एड्रियन होल्डस्टॉक तीसरे अंपायर और पॉल रीफेल चौथे अंपायर होंगे। वहीं दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच ईडन गार्डंस पर बुधवार को होने वाले पहले सेमीफाइनल में इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स वार्फ मैदानी अंपायर होंगे। नितिन मेनन तीसरे अंपायर, रॉड टकर चौथे अंपायर और जवागल श्रीनाथ मैच रेफरी होंगे।

**दर्शकों के दुर्व्यवहार के कारण मोहन बागान पर जुर्माना**

कोलकाता। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की अनुशासनात्मक समिति ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के पिछले मैच में दर्शकों के कथित दुर्व्यवहार के कारण मोहन बागान सुपर जायंट्स पर जुर्माना लगाया है। उसने साथ ही आदेश दिया है कि ओडिशा एफसी के खिलाफ अगला मैच खाली स्टेडियम में खेला जाए। मोहन बागान ने 23 फरवरी को चेन्नईयन एफसी को 2-0 से हराया था। उस मैच में दर्शकों ने कथित दुर्व्यवहार किया था। क्लब ने कहा कि उसने जुर्माना स्वीकार कर लिया है। इसका खुलासा नहीं किया गया है कि कितना जुर्माना लगाया गया है। मोहन बागान ने कहा, हम 6 मार्च को होने वाले हमारे घरेलू मैच के लिए स्टेडियम को पूरी तरह से बंद करने के फैसले से बेहद निराश हैं।

## वर्ल्ड सेलिब्रिटी गोल्फ में भाग लेंगे कई सितारे

**एजेंसी । मुंबई**

क्रिकेट विश्व कप विजेता युवराज सिंह और इयोन मॉर्गन, टेनिस के दिग्गज लिएंडर पेस और बैडमिंटन के महान खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण जैसी खेल जगत की कई नामी हस्तियां शुक्रवार को यहां होने वाली डीपी वर्ल्ड सेलिब्रिटी गोल्फ प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। यह बल्लेबाजी के दिग्गज सुनील गावस्कर की एक चैरिटी पहल है। इस प्रतियोगिता में 100 से अधिक गोल्फर 18 होल वाले कोर्स में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रतियोगिता में जीआर विश्वनाथ, वेंकटेश प्रसाद, हरभजन सिंह, अजय जडेजा, पार्थिव पटेल, मुरली कार्तिक, एस बद्रीनाथ, मुरली विजय और निखिल चोपड़ा, माइकल वॉन और डेविड लॉयड जैसे जैसे प्रमुख क्रिकेटरों के साथ ही टेनिस के दिग्गज लिएंडर पेस, बैडमिंटन के महान खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण, पेशेवर गोल्फर नेहा त्रिपाठी, रिधिमा दिलावरी और गौरव घई शामिल भी जलवा बिखेरेंगे।

## भारत का पहला मैच आज वियतनाम से

**एजेंसी । पर्थ**



भारतीय टीम बुधवार को यहां अपने से अधिक रैंकिंग वाली वियतनाम की टीम के खिलाफ एएफसी महिला एशियाई कप फुटबॉल के अपने अभियान की शुरुआत करेगी। फीफा रैंकिंग में भारत 67वें जबकि वियतनाम 36वें स्थान पर है। भारत चार टीमों के ग्रुप में रैंकिंग के लिहाज से सबसे निचले पायदान पर है। ग्रुप की अन्य तीन टीमें वियतनाम, जापान और चीनी ताइपे हैं। भारत ने अपने पिछले अंतरराष्ट्रीय मैच अक्तूबर 2025 में ईरान और नेपाल के खिलाफ खेले थे, जिसमें 0-2 और 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। भारत 7 मार्च को इसी मैदान पर जापान का सामना करेगा जबकि ग्रुप सी में उसका अंतिम मैच 10 मार्च को सिडनी में चीनी ताइपे से होगा।

## वैष्णवी अडकर भारतीय टेनिस टीम में शामिल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

युवा खिलाड़ी वैष्णवी अडकर को 6 अप्रैल से यहां होने वाले बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) एशिया ओसेनिया ग्रुप एक टेनिस टूर्नामेंट के लिए मंगलवार को भारतीय टीम में शामिल कर लिया गया। पिछले साल नवंबर में बेंगलुरु में बिली जीन किंग कप प्लेऑफ में भारत को नीदरलैंड्स और स्लोवेनिया ने हराया था, जिसके कारण वह एशिया ओसेनिया ग्रुप एक में खिसक गया था। वैष्णवी हाल में बेंगलुरु में करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए किसी डब्ल्यू 100 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाली सानिया मिर्जा के बाद दूसरी महिला खिलाड़ी बनी थीं। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 2024 में अहमदाबाद में डब्ल्यू15 का खिताब भी जीता था। अखिल भारतीय टेनिस संघ ने बयान में कहा, प्रतियोगिता से एक सप्ताह पहले कोचिंग शिविर आयोजित किया जाएगा। विशाल उप्पल भारतीय टीम के कप्तान और राधिका कानिटकर कोच होंगी।



**बिली जीन किंग कप के लिए भारतीय टीम**

सहजा यमलापल्ली, वैष्णवी अडकर, श्रीवल्ली भामिदिपति, रुतुजा भोसले, अंकिता रैना और वैदेही चौधरी (रिज़र्व)

**बॉ ली वु ड**






# सनी देओल ने शुरू की नई फिल्म एंथनी की शूटिंग

सनी देओल इन दिनों अपनी फिल्म 'बॉर्डर 2' की शानदार सफलता का जश्न मना रहे हैं। पिछले कुछ समय से चर्चा थी कि उन्होंने अपनी अगली फिल्म के लिए एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ हाथ मिलाया है जिसमें उनके साथ साउथ अभिनेत्री ज्योतिका मुख्य किरदार में होंगी। रिपोर्ट में बताया गया है कि फिल्म का नाम 'एंथनी' होगा जो एक्शन-थ्रिल से भरपूर होगी। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म में पहली बार सनी के सामने विजय वर्मा विलेन बनकर आएंगे।

**सनी देओल के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करेंगे विजय वर्मा**

वैरायटी इंडिया के मुताबिक, फिल्म 'एंथनी' की शूटिंग 27 फरवरी से आधिकारिक रूप से शुरू हो चुकी है और इसके लिए सनी भी मुंबई लौट आए हैं। जुलाई, 2026 तक निर्माता शूटिंग पूरी करने की योजना बना रहे हैं, जिससे 2027 की शुरुआत तक फिल्म को सिनेमाघरों में उतारा जा सके। फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी की एक्सेल एंटरटेनमेंट, एआर मुरुगाडोस के बैनर तले इस फिल्म का निर्माण कर रही है। फिल्म में सनी का जबरदस्त एक्शन अवतार दिखाई देगा। विजय को 'दहाड़', 'शी' और 'डार्लिंग्स' जैसी फिल्मों-सीरीज में नकारात्मक किरदार निभाते देखा गया है। यह पहला मौका होगा जब उन्हें अभिनेता सनी के सामने खलनायक के किरदार में देखा जाएगा।

# राम चरण की 'पेड्डी' का नया गाना 'राई राई रा रा' रिलीज



साउथ सुपरस्टार राम चरण अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'पेड्डी' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इसी कड़ी में फिल्म का दूसरा गाना 'राई राई रा रा' रिलीज कर दिया गया है, जिसे दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। इससे पहले जारी हुआ गाना 'चिकरी चिकिरी' भी काफी लोकप्रिय रहा था। नए गाने में ऑस्कर विजेता संगीतकार ए.आर. रहमान का जोशीला और लयबद्ध संगीत खास आकर्षण बना हुआ है। गायक नकाश अजीज की ऊर्जावान आवाज और गीतकार रकीब आलम के प्रभावशाली बोल गाने को और दमदार बनाते हैं। गाने में राम चरण का देहाती अंदाज और एनर्जेटिक डांस देखने लायक है, जो दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर रहा है। निर्देशक बुची बाबू सना ने इस गीत को भव्य स्तर पर फिल्माया है, वहीं कोरियोग्राफर जानी मास्टर की दमदार कोरियोग्राफी गाने में चार चांद लगाती है। रंगीन प्रस्तुति और ऊर्जा से भरपूर माहौल इसे खास बनाते हैं। वेंकट सतीश किलारू के प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'पेड्डी' 30 अप्रैल को कई भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में राम चरण के साथ जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही जबरदस्त उत्साह बना हुआ है।

# राजपाल यादव की टिप्पणी पर बोले सोनू सूद



चेक बाउंस मामले में तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद राजपाल यादव लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में अभिनेता ने मुश्किल दौर में आर्थिक मदद करने वाले लोगों का आभार जताया। इस बीच, सोनू सूद के काम देने वाले बयान पर राजपाल की तीखी प्रतिक्रिया के बाद अब इस मामले में नया मोड़ आ गया है। सोनू सूद ने सामने आकर अपनी बात स्पष्ट करते हुए किसी भी तरह की गलतफहमी को दूर करने की कोशिश की है। मीडिया से बातचीत में सोनू सूद ने कहा कि उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि राजपाल यादव को काम की जरूरत है। उन्होंने स्पष्ट किया, ₹मैंने सिर्फ इतना कहा था कि उन्हें साइन करें और एडवांस पेमेंट दें, क्योंकि वह इसके हकदार हैं।₹ गौरतलब है कि सोनू ने पहले एक पोस्ट के जरिए राजपाल का समर्थन करते हुए फिल्म इंडस्ट्री से उन्हें काम देने की अपील की थी और यह भी कहा था कि वह खुद उन्हें अपनी फिल्म में शामिल करेंगे। वहीं, राजपाल यादव ने इस बयान पर अपनी नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने कहा कि यह गलत धारणा है कि उन्हें काम मांगना पड़ता है। उनके मुताबिक, सिनेमा उनका जुनून है और वह अपने काम के दम पर लगातार अवसर हासिल करते हैं। अभिनेता की प्रतिक्रिया से साफ है कि उन्हें काम देने जैसी बात पसंद नहीं आई, जिसके बाद यह मामला चर्चा का विषय बन गया है।

## वामिका गब्बी और एकता कपूर का होली पर दिखा 'भूत बंगला' वाला स्वैग



14 साल के लंबे इंतजार के बाद, बॉलीवुड की एक ओजी एक्टर-डायरेक्टर जोड़ी आखिरकार फिर से साथ आ रही है। अक्षय कुमार और प्रियदर्शन 'भूत बंगला' के लिए एक बार फिर साथ मिल रहे हैं, और इस खबर ने फैन्स के बीच पहले ही खलबली मचा दी है। अतीत में इनके साथ काम करने से हिंदी सिनेमा को कुछ सबसे यादगार कॉमेडी फिल्में मिली हैं, जिन्हें आज भी कल्ट का दर्जा हासिल है। इस बार, यह जोड़ी हॉरर-कॉमेडी की दुनिया में कदम रख रही है, जिसमें डरावने रोमांच और हंसाने वाले पलों का बेहतरीन मेल होने वाला है। बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बन रही 'भूत बंगला' से वही पुराना ट्रेडमार्क ह्यूमर, जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग और बेमिसाल जादू फिर से लौटने की उम्मीद है, जिसने उनकी पिछली ब्लॉकबस्टर फिल्मों को खास बनाया था। यही वजह है कि यह रीयूनियन हाल के समय की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली वापसी में से एक है। 'भूत बंगला' की मच-अवेडेट रिलीज से पहले, वामिका गब्बी और प्रोड्यूसर एकता कपूर ने एक होली पार्टी में अपनी जबरदस्त एनर्जी से रौनक लगा दी। दोनों ने फिल्म के गाने ₹राम जी आके भला करेंगे₹ पर जमकर डांस किया और पूरी महफिल को 'भूत बंगला' के जश्न में बदल दिया। मेकर्स ने हाल ही में फिल्म का पहला गाना ₹राम जी आके भला करेंगे₹ रिलीज किया है और तब से इसने इंटरनेट पर धूम मचा रखी है। यह गाना फिलहाल हर प्लेटफॉर्म पर ट्रेंड कर रहा है और फैन्स को इसका वाइब्रेंट अंदाज बहुत पसंद आ रहा है। अक्षय कुमार की वही पुरानी एनर्जी, गजब की कॉमिक टाइमिंग और शानदार डांस मूव्स ने पुरानी यादें ताजा कर दी हैं, जो दर्शकों को उनकी क्लासिक फिल्मों की याद दिलाती हैं।



# बीजेपी की 'संतुलन' वाली रणनीति

- 6 मार्च को होने वाले राज्य सभा चुनाव के लिए नौ उम्मीदवारों की पहली सूची जारी
- बिहार में नितिन और शिवेश को उम्मीदवार बनाकर जातीय संतुलन साधा
- असम -पश्चिम बंगाल चुनावों का भी रखा ध्यान
- बिहार में जातीय समीकरण साधने की कोशिश

एजेंसी | नई दिल्ली

**16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने नौ उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इसमें सबसे प्रमुख नाम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का है, जिन्हें बिहार से उम्मीदवार बनाया गया है। राजनीतिक हलकों में इसे मिशन 2029 की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।**

### हरियाणा और छत्तीसगढ़ से नए चेहरे

हरियाणा से संजय भाटिया को उम्मीदवार घोषित किया गया है। वे करनाल से 2019 में सांसद रह चुके हैं और प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में भी शामिल माने जाते हैं। छत्तीसगढ़ से लक्ष्मी वर्मा को राज्यसभा टिकट दिया गया है, जो ओबीसी वर्ग से आती हैं और जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं।

### नितिन नवीन को राज्यसभा लाकर बड़ा राजनीतिक संदेश

अब तक यह कहा जा रहा था कि नितिन नवीन, नितिन गडकरी और अमित शाह की तरह विधानसभा सदस्य रहते हुए ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व निभाएंगे, लेकिन राज्यसभा भेजकर बीजेपी ने स्पष्ट संकेत दिया है कि पार्टी 2029 के लक्ष्य को लेकर उनके नेतृत्व पर पूरी तरह भरोसा जता रही है। बीजेपी ने बिहार से शिवेश कुमार को भी उम्मीदवार बनाया है, जो अनुसूचित जाति वर्ग से आते हैं। वे सासाराम से लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं और वर्तमान में राज्य बीजेपी के महामंत्री हैं। इस तरह पार्टी ने बिहार में कायस्थ और अनुसूचित जाति दोनों वर्गों को प्रतिनिधित्व देकर सामाजिक संतुलन साधने का प्रयास

### पश्चिम बंगाल और असम में संगठनात्मक चेहरों को मौका

चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में बीजेपी ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राहुल सिन्हा को उम्मीदवार बनाया है। वे लंबे समय तक पार्टी का चेहरा रहे हैं, हालांकि बाद में गुटबाजी के चलते हाशिए पर चले गए थे। असम से तेराश गोवाला और जोगेन मोहन को उम्मीदवार बनाया गया है, जिससे आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखकर समीकरण साधे गए हैं।

### ओडिशा में सरकार के चेहरे को आगे बढ़ाया

ओडिशा से बीजेपी ने प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल और सुजीत कुमार को उम्मीदवार बनाया है। मनमोहन सामल के नेतृत्व में ही बीजेपी ने पहली बार ओडिशा में अपने दम पर सरकार बनाई थी, जबकि सुजीत कुमार पहले बीजेडी में थे और अब बीजेपी के जरिए फिर से राज्यसभा भेजे जा रहे हैं, जिससे पार्टी ने दलबदल कर आए नेताओं को भी मजबूत संदेश दिया है।

# ईरान पर अमेरिकी-इस्राइली हमले के खिलाफ वाम दलों का प्रदर्शन

## मोदी सरकार पर चुप्पी साधने का लगाया आरोप

एजेंसी | नई दिल्ली

ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के हमले के खिलाफ वाम दलों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या की निंदा की और केंद्र सरकार पर इस मुद्दे पर चुप रहने का आरोप लगाया। वाम नेताओं ने कहा कि भारत की विदेश नीति को राष्ट्रीय संप्रभुता के सिद्धांतों पर चलना चाहिए, न कि किसी वैश्विक दबाव में। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोग तख्तियां लेकर पहुंचे और हमलों के खिलाफ नारे लगाए। नेताओं ने कहा कि जब बातचीत चल रही थी, तब हमला करना गलत है। उन्होंने मांग की कि भारत सरकार युद्ध रोकने के लिए पहल करे और शांति बहाल करने में भूमिका निभाए।




### ब्रिंदा करात का सीधा हमला

सीपीआई(एम) नेता ब्रिंदा करात ने कहा कि ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने ईरान पर हमला किया और सरकार इस पर चुप है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सवाल उठाते हुए कहा कि भारत की आवाज संप्रभुता और शांति के पक्ष में होनी चाहिए। उन्होंने इस्राइल की कार्रवाई को आक्रामक बताया और कहा कि भारत को स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए।

### डिपांकर भट्टाचार्य की चेतावनी

सीपीआई(एमएल) लिबरेशन के महासचिव डिपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि यह युद्ध क्षेत्रीय संघर्ष में बदल सकता है। उन्होंने कहा कि भारत के लाखों नागरिक पश्चिम एशिया में काम करते हैं, इसलिए यह संकट भारत को भी प्रभावित कर सकता है। उन्होंने मांग की कि भारत सरकार युद्ध रोकने के लिए कूटनीतिक प्रयास करे। वाम नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की विदेश नीति अमेरिका के दबाव में झुकी हुई दिख रही है। उन्होंने कहा कि भारत को किसी भी सैन्य गठजोड़ से दूरी बनाकर शांति और संवाद का समर्थन करना चाहिए।

### कई वाम दल हुए शामिल

प्रदर्शन में सीपीआई(एम), सीपीआई, सीपीआई(एमएल) लिबरेशन, आरएसपी और एआईएफबी जैसे दल शामिल हुए। आयोजकों ने कहा कि यह विरोध सैन्य कार्रवाई के खिलाफ और राष्ट्रीय संप्रभुता के समर्थन में है। अमेरिका और इस्राइल ने शनिवार को ईरान पर बड़ा हमला किया था। इसके बाद क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। वाम दलों का कहना है कि भारत को युद्ध से दूर रहकर शांति की पहल करनी चाहिए।

## न्यूज़ ब्रीफ

### सबसे छोटे डायनासोर का जीवाश्म करोड़ों वर्ष पुराना

**उशुआइया।** अर्जेंटीना के पैटागोनिया इलाके में वैज्ञानिकों को दुनिया के सबसे छोटे डायनासोर अल्नाशेट्री का जीवाश्म मिला है। कौवे जैसा आकार : 9 करोड़ 50 लाख साल पहले जब धरती पर विशालकाय डायनासोरों का राज था, तब 'अल्ना' नाम का यह छोटा जीव भी मौजूद था। इसका आकार एक कौवे या मुर्गे से भी छोटा था और वजन मात्र 0.7 किलोग्राम था। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह एक मादा डायनासोर थी, जो लगभग चार साल की उम्र में मर गई थी। रेत के टीले में दबे होने के कारण इसका कंकाल बहुत अच्छी स्थिति में मिला है।

### अरविंद केजरीवाल 6 मार्च को विशेषाधिकार समिति के सामने होंगे पेश

**नई दिल्ली।** शराब नीति मामले में दिल्ली की अदालत से बरी होने के बाद अरविंद केजरीवाल अब दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति के समक्ष 6 मार्च शाम 3 बजे पेश होंगे; उन्होंने समिति को पत्र लिखकर उपस्थिति की पुष्टि करते हुए कार्यवाही का सीधा प्रसारण कराने की मांग की है। "फांसी घर" मामले में केजरीवाल के साथ पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व स्पीकर राम निवास गोयल और पूर्व उपाध्यक्ष राखी बिरला को भी नोटिस जारी किया गया है। समिति अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह राजपूत के अनुसार सभी नेताओं ने पहले कुछ समय मांगा था, लेकिन जांच में देरी से बचने के लिए 6 मार्च 2026 की अंतिम तारीख तय की गई है।

### पीएम मोदी का 13 मार्च को असम दौरा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 मार्च को असम के बोडोलैंड टेरिटोरियल एरिया डिस्ट्रिक्ट के कोकराझार में सरकारी कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे तथा एक बड़ी रैली को संबोधित करेंगे, जबकि गृह मंत्री अमित शाह 15 मार्च को गुवाहटी में विशाल रैली कर असम विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी के अभियान की शुरुआत करेंगे, जिसमें डेढ़ लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है; बीजेपी सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय चुनाव आयोग 15 मार्च के बाद कभी भी असम समेत पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम घोषित कर सकता है, इसी कारण बजट सत्र की व्यस्तता के बावजूद अमित शाह कई राज्यों के दौरे कर चुनावी माहौल को धार देने की तैयारी में हैं।

## कर्नाटक फोन टैपिंग

# चोर को सब चोर ही दिखते हैं : सिद्धारमैया

एजेंसी | बंगलुरु

कर्नाटक की राजनीति में फोन टैपिंग के आरोपों को लेकर घमासान मचा हुआ है। केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी और विपक्ष के नेता आर अशोक ने आरोप लगाया था कि राज्य सरकार उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की जासूसी करा रही है। अब मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इन आरोपों को पूरी तरह गलत बताया है। उन्होंने इसे विपक्ष की बुरी राजनीति और हताशा का नतीजा कहा है। वहीं, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भी इसे लेकर विपक्ष पर हमला बोला है। सिद्धारमैया ने आरोप लगाने वाले नेताओं पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये नेता खुद मुख्यमंत्री और गृह मंत्री जैसे बड़े पदों पर रह चुके हैं। उस दौरान खुफिया विभाग उनके अधीन काम करता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगता है कि उनके ये दावे दफ्तर में उनके अपने



पिछले अनुभवों से निकले हैं। उन्होंने भाजपा और जेडीएस पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने यह भी याद दिलाया कि 2018 में जब कुमारस्वामी मुख्यमंत्री थे, तब आदिचुंचनगिरी के पुजारी समेत कई साधुओं के फोन टैप करने के आरोप लगे थे।

### हमारा रिश्ता दूध-शहद जैसा : उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार

उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के साथ अपने संबंधों पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जो भी कहा है, वह अनुभव से कहा है। हम दोनों के बीच का रिश्ता निश्चित रूप से दूध और शहद जैसा है। समय हर बात का जवाब देगा।

### विपक्ष पर सीएम का पलटवार

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को कहा कि ये आरोप 'चोर को सब चोर ही नजर आते हैं' वाली कहावत जैसे हैं। उन्होंने कहा कि जब से कांग्रेस राज्य में सत्ता में आई है, विपक्षी नेता लगातार मेरे और शिवकुमार के बीच दरार पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। वे चाहे जितनी भी फूट डालने की कोशिश करें, इसका हमारे अच्छे रिश्ते पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सिद्धारमैया ने यह भी साफ किया कि वह और शिवकुमार दोनों पार्टी आलाकमान के प्रति पूरी तरह से वफादार हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आंतरिक लोकतंत्र के साथ काम करती है। यह न तो डर से चलती है और न ही किसी एक परिवार के दबदबे में है।

## 8,335 एलएसडी स्ट्रिप्स समेत 10 करोड़ की ड्रग्स जब्त

**बेंगलुरु।** शहर में बढ़ती ड्रग्स तस्करी पर शिकंजा कसते हुए बेंगलुरु सिटी पुलिस और सीसीबी नारकोटिक्स विंग ने मंगलवार को संयुक्त कार्रवाई में करीब 10 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए हैं। इस मामले में केरल मूल के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस आयुक्त सीमांत कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि बागलूर रोड स्थित प्रेस्टीज फिन्सबरी पार्क अपार्टमेंट के एक फ्लैट पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान एलएसडी, हाइड्रो गांजा और चरस बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अश्विन (27) और मोबिना (25) के रूप में हुई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि दोनों आरोपित थाईलैंड निवासी विन्सेंट नामक व्यक्ति से हवाई मार्ग के जरिए ड्रग्स मंगवाते थे।

# 37 लाख से अधिक वंचितों को मिली 2000 की विशेष सहायता

एजेंसी | चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने मंगलवार को एक बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि राज्य सरकार ने समाज के वंचित वर्गों के 37.79 लाख लोगों के बैंक खातों में 2000 की विशेष सहायता राशि जमा की है। यह कदम विशेष रूप से बुजुर्गों, विधवाओं, वृद्ध ट्रांसजेंडर व्यक्तियों और दिव्यांगजनों को अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान करने की उनकी मांगों पर प्रतिक्रिया के रूप में उठाया गया है।



### विभिन्न वर्गों के लिए विशेष सहायता पैकेज

मुख्यमंत्री स्टालिन ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए कहा कि यह हो हजार रुपए की राशि मौजूदा मासिक पेंशन के अतिरिक्त है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के हाशिए पर रहने वाले लोगों की वित्तीय कठिनाइयों को कम करना है। यह सहायता राशि फरवरी में 'कलैग्नार मगलीर उरिमाई थोगई' योजना के तहत महिलाओं को दिए गए 2000 के विशेष ग्रीष्मकालीन पैकेज के बाद आई है। उस पैकेज के बाद, कई कमजोर समूहों ने भी इसी तरह के समर्थन की मांग की थी।

### स्टालिन ने दी ट्रांसफर राशि की जानकारी

मुख्यमंत्री के अनुसार राज्य सरकार ने विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने वाले 29.29 लाख वरिष्ठ नागरिकों और विधवाओं को 3200 रुपए का विशेष सहायता पैकेज हस्तांतरित किया है। इसके अलावा 5.92 लाख दिव्यांगजनों को 3500 रुपए की राशि दी गई है, और रखरखाव सहायता प्राप्त करने वाले 2.58 लाख दिव्यांगजनों के परिवारों के बैंक खातों में मंगलवार को 4000 रुपए जमा किए गए हैं।

# कैश-फॉर-जॉब्स मामले में एफआईआर पर खींचतान

एजेंसी | चेन्नई

तमिलनाडु के कथित 'कैश-फॉर-जॉब्स' घोटाले में नया मोड़ आ गया है। मद्रास हाईकोर्ट के FIR दर्ज करने के आदेश के बाद राज्य सरकार ने कहा है कि डायरेक्टरेट ऑफ विजिलेंस एंड एंटी-करप्शन यानी डीवीएसी इस आदेश के खिलाफ समीक्षा याचिका दायर करने पर विचार कर रहा है। मामला मंत्री केएन नेहरू के विभाग से जुड़ा बताया जा रहा है। मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश मणिंद्र मोहन श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति जी. अरुल मुरुगन की



पीठ के सामने राज्य के एडवोकेट जनरल पी.एस. रमन ने कहा कि 20 फरवरी के आदेश, जिसमें तुरंत FIR दर्ज करने को कहा गया था, उस पर डीवीएसी कानूनी राय ले रहा है। यह सुनवाई अवमानना याचिका पर हो रही थी, जिसे एआईएडीएमके सांसद आई.एस. इनबदुरई ने दायर किया है।

# लोकसभा के विशेषाधिकार समिति का गठन

## पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद संभालेंगे जिम्मेदारी

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की नई विशेषाधिकार समिति का गठन कर दिया है। वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। समिति में विभिन्न राजनीतिक दलों के कुल 15 सांसदों को शामिल किया गया है और यह 3 मार्च से अपना कार्यभार संभाल चुकी है।

### विभिन्न दलों के 15 सांसद सदस्य

समिति में कांग्रेस से तारिक अनवर और मनीष तिवारी, तृणमूल कांग्रेस से कल्याण बनर्जी तथा भाजपा से जगदंबिका पाल जैसे वरिष्ठ सांसदों को शामिल किया गया है। इसके अलावा भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल, रामवीर सिंह विधुड़ी, संगीता सिंह देव और त्रिवेंद्र सिंह रावत भी सदस्य होंगे। कांग्रेस से मणिक्कम टैगोर, डीएमके से टी. आर. बालू और समाजवादी पार्टी से धर्मेंद्र यादव को भी समिति में स्थान दिया गया है। बजट सत्र के पहले हिस्से में विशेषाधिकार समिति को लेकर सवाल खड़े हुए थे। सरकार की ओर से कहा गया था कि नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया जाएगा। तब यह प्रश्न उठा था कि जब समिति का गठन ही नहीं हुआ है तो नोटिस कैसे दिया जा सकता है।



### सबस्टेंटिव मोशन का नोटिस

इसी बीच भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी के खिलाफ सबस्टेंटिव मोशन का नोटिस लोकसभा अध्यक्ष को सौंपा था। इसके बाद विशेषाधिकार समिति के गठन की आवश्यकता और अधिक स्पष्ट हो गई।

# मुआवजे में देरी पर एम्प्लॉयर को जेब से भरना होगा पैसा

एजेंसी | चेन्नई



सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम के तहत पेनल्टी की रकम एम्प्लॉयर को खुद चुकानी पड़ेगी, भले ही मुआवजा इंश्योरेंस से कवर हो। कोर्ट ने कहा कि यह कानून कर्मचारियों की भलाई के लिए बना है, इसलिए इसकी व्याख्या लाभार्थियों के हक में उदार तरीके से होनी चाहिए। जस्टिस अरविंद कुमार और पी बी वराले की बेंच ने यह आदेश न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी की याचिका पर दिया, जिसमें दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी।

### कोर्ट ने फैसले में क्या कहा?

सुप्रीम कोर्ट ने कई पुराने फैसलों का हवाला देते हुए जोर दिया कि इस कानून को कर्मचारियों के पक्ष में देखना चाहिए। सेक्शन 4A(3)(b) के तहत पेनल्टी की जिम्मेदारी पूरी तरह एम्प्लॉयर पर है। कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट का वह आदेश रद कर दिया। इसमें कहा गया था कि देरी की पेनल्टी इंश्योरेंस कंपनी को चुकानी होगी। बेंच ने कानून के पीछे के मकसद पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि यह एक सामाजिक कल्याण कानून है, जो संसद ने कर्मचारियों की शिकायतों को दूर करने के लिए बनाया। दुर्घटना होने पर कर्मचारी या उसके परिवार को जल्द से जल्द मुआवजा मिलना चाहिए, ताकि इलाज के खर्चे या परिवार की जीविका चल सके।

### क्या है पूरा मामला?

यह मामला फरवरी 2017 का है, जब एक कर्मचारी की अपने एम्प्लॉयर के वाहन चलाते हुए मौत हो गयी। मुआवजा न मिलने पर जुलाई में मृतक के परिवार ने लेबर कमिश्नर से गुहार लगाई। कमिश्नर ने 7.36 लाख रुपये का मुआवजा दिया, इसके साथ ही 12 फीसदी ब्याज और देरी के लिए 35 फीसदी पेनल्टी भी लगाई। वाहन की वैध इंश्योरेंस पॉलिसी होने के कारण मुआवजा इंश्योरेंस कंपनी से वसूला जाना था, लेकिन पेनल्टी एम्प्लॉयर पर लगाई गई। हालांकि, दिल्ली हाई कोर्ट ने फैसला दिया कि पेनल्टी भी इंश्योरेंस कंपनी को ही चुकानी होगी, न कि एम्प्लॉयर को।

## विश्व मोटापा दिवस — 210 प्रसूता महिलाओं पर किया गया अध्ययन

# वसा के अधिक सेवन से प्रसव बाद बढ़ता है महिलाओं में मोटापा

एजेंसी | नई दिल्ली

एम्स और दिल्ली विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों द्वारा किया गया यह अध्ययन प्रसव के बाद महिलाओं में बढ़ते मोटापे की एक गंभीर लेकिन सुलझने वाली तस्वीर पेश करता है। अक्सर 'जच्चा' की सेहत के नाम पर खिलाया जाने वाला घी-शक्कर और भारी भोजन ही मोटापे की मुख्य वजह बन रहा है।



### कार्बोहाइड्रेट और वसा की 'अति' बनी कारण

अध्ययन में पाया गया कि प्रसव के शुरुआती तीन महीनों में महिलाएं ऐसा भोजन अधिक कर रही हैं जिसमें कार्बोहाइड्रेट और वसा (घी, तेल, मीठा) की मात्रा बहुत ज्यादा है। पुराने रिवाजों के चलते भारी भोजन तो दिया जा रहा है, लेकिन उसमें प्रोटीन और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी है। इसी असंतुलन के कारण प्रसव के 6 महीने बाद 55% से अधिक महिलाओं का वजन 5 किलो से भी ज्यादा बढ़ गया। अध्ययन में शामिल 210 महिलाओं की जांच में सामने आया कि प्रसव के बाद औसतन 6 किलो वजन बढ़ रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि शिक्षित और मध्यम वर्गीय परिवारों की महिलाएं भी इस समस्या से जूझ रही हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे (NFHS-5) भी कहता है कि पुरुषों के मुकाबले महिलाएं मोटापे का शिकार ज्यादा हो रही हैं, जिसका एक बड़ा हिस्सा प्रेग्नेंसी से जुड़ा है।

### सिजेरियन और स्तनपान का असर

अध्ययन में शामिल करीब 57% महिलाओं की डिलीवरी सिजेरियन के जरिए हुई थी। वहीं, 73% महिलाओं ने 3-4 महीने तक स्तनपान कराया। डॉक्टरों के अनुसार, स्तनपान वजन घटाने में मदद करता है, लेकिन अगर खानपान में केवल घी-शक्कर और कैलोरी वाली चीजें भरी हों, तो स्तनपान के बावजूद वजन कम होने के बजाय बढ़ जाता है।

### सामाजिक-आर्थिक स्थिति का रोल

अध्ययन के अनुसार, संयुक्त परिवारों में रहने वाली महिलाओं में वजन बढ़ने की प्रवृत्ति अधिक देखी गई। इसका कारण अक्सर परिवार का दबाव होता है जहाँ पोषक तत्वों के बजाय 'पारंपरिक भारी खुराक' पर जोर दिया जाता है। शिक्षा और आय के स्तर के बावजूद, सही डाइट चार्ट की कमी महिलाओं को मोटापे की ओर धकेल रही है।

### डॉक्टर की सलाह

एम्स के डॉक्टरों का कहना है कि मोटापे को रोका जा सकता है, इसके लिए संतुलित और प्रोटीन युक्त भोजन जैसे दालें, पनीर, अंडा या सोयाबीन को आहार में शामिल करना जरूरी है, साथ ही आयरन, कैल्शियम और विटामिन जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी नहीं होने देनी चाहिए, डॉक्टर की सलाह से हल्का व्यायाम और नियमित पैदल चलने की आदत डालनी चाहिए तथा समय-समय पर वजन की निगरानी कर विशेषज्ञ से परामर्श लेते रहना चाहिए।